

दैनिक

# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार



▸ संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी ▸ प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी ▸ वर्ष : 25 ▸ अंक : 118 ▸ रायपुर, शनिवार, 10 मई 2025 ▸ पृष्ठ : 12 ▸ मूल्य ` 2.00 RNI NO. CHH HIN/2001/05596

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



3 निगम जोन 3 ने वार्ड ...

महाराज का वो सीन करने... 6


# पाकिस्तान का भारत पर ड्रोन अटैक, सभी नाकाम

## देश के जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, अमृतसर, पंजाब को किया टारगेट



एजेंसी, नई दिल्ली

पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वो बॉर्डर पर लगातार गोलाबारी कर रहा है। इस बीच अमृतसर, पठानकोट और जम्मू में ब्लैक आउट हुआ है। पठानकोट एयरबेस में सायरन की आवाज भी सुनाई दी। पूंछ में दोनों तरफ से हैवी शेलिंग शुरू हो गई है। एलओसी पर आर्टलरी गन फायर और मशीन गन चलने की आवाजें आने लगीं हैं।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि जम्मू, सांबा, पठानकोट में पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए हैं। भारत ने पाकिस्तान के इस हमले को नाकाम कर दिया है। आज शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद पाकिस्तान ने फिर से नापाक हरकत करते हुए भारत को उकसाया है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, जहां मैं हूं वहां से अब रुक-रुक कर धमाकों की आवाजें, संभवत: भारी तोपों की, सुनी जा सकती हैं।

पूर्व डीजीपी एसपी वैद्य ने भी कहा कि पाकिस्तान ने फिर ड्रोन अटैक किया है और तेज-तेज आवाजें भी सुनाई दे रही हैं। मुझे लगता है कि पाकिस्तान अमन चैन नहीं चाहता है, उसे अब इसकी सजा भुगतनी होगी। हमारा एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से एक्टिव है।

### जैसलमेर में भी पूरी तरह ब्लैक आउट

उधर, जैसलमेर के पोखरण में पाकिस्तान ने आज दूसरे दिन भी ड्रोन अटैक किया है। भारतीय सेना ने ड्रोन हमले की कोशिशों को नाकाम कर दिया है। पूरा जैसलमेर टोटली ब्लैक आउट है। जैसलमेर में 4 ड्रोन उड़ते हुए दिखे। जैसलमेर के पोकरण में पाकिस्तान की ओर से आधे घंटे में 2 बार ड्रोन से हमले किए गए हैं। पहला हमला रात करीब 8.28 बजे और दूसरा हमला 9 बजकर 2 मिनट पर हुआ। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने ड्रोन को हवा में ही मार गिराया साथ ही सिरोही शहर में सायरन बजा और पूरे शहर में ब्लैक आउट हो गया।

### पाक के मिसाइल अटैक को किया नाकाम

बॉर्डर के पास के इलाकों में पाकिस्तान मिसाइल से हमला कर रहा है लेकिन उसके इन हमलों को नाकाम कर दिया गया है। पठानकोट और फिरोजपुर में मिसाइल अटैक को नाकाम किया गया है। ये ड्रोन अटैक यात्री विमान की आड़ में किया गया। इस बात का जिक्र प्रेस ब्रीफिंग के दौरान भी किया गया था कि पाकिस्तान आम जनता को ढाल बनाकर हमले कर रहा है।

### हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान

भारत लगातार कह रहा है कि पाकिस्तान को प्रॉक्सी वार बंद देनी चाहिए, नहीं तो उसे बहुत भारी कीमत चुकानी होगी। फिर भी ये देश सीमा पर सेना को उकसा रहा है और ड्रोन भेजकर आम नागरिकों के साथ-साथ मिलिट्री बेस को निशाना बनाने की नाकाम कोशिशें कर रहा है।

### राजस्थान के सरहदी जिलों में ब्लैक आउट

बीती रात पाकिस्तान की नापाक हरकत के बाद राजस्थान के सरहदी जिलों में भी हाई अलर्ट है. इन जिलों में ब्लैकआउट किया गया है. जैसलमेर में पूरे शहर की लाइट बंद है. सरहदी जिलों में कर्फ्यू जैसे हालात हैं. पंजाब के जालंधर, पठानकोट और कश्मीर रीजन के उरी में भी ब्लैकआउट किया गया है. उधर, जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर पाकिस्तान कई सेक्टर में भारी गोलाबारी कर रहा है. भारतीय सेना इसका जवाब दे रही है.

# भारत-पाक तनाव के चलते आईपीएल मैच रद्द

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और हालिया सुरक्षा हालात को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) को फिलहाल के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है।

BCCI की ओर से जारी आधिकारिक सूचना में कहा गया है कि फिलहाल लीग स्टेज के बचे हुए 12 मैच आयोजित नहीं किए जाएंगे।

आईपीएल 2025 का फाइनल 25 मई को प्रस्तावित था, लेकिन अब इसे भी स्थगित कर दिया गया है। BCCI ने कहा है कि नई तारीखों की घोषणा हालात सामान्य होने के बाद की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों और सरकार से परामर्श के बाद ही टूर्नामेंट को फिर से शुरू करने को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बोर्ड ने सभी फ्रेंचाइज़ियों, खिलाड़ियों और दर्शकों से संयम बनाए रखने की अपील की है।

बता दें कि पंजाब-दिल्ली मैच भी रद्द करना पड़ा था पाकिस्तान ने 8 मई की रात करीब 8.30 बजे भारत के जम्मू, पंजाब और राजस्थान की बॉर्डर पर मिसाइल और ड्रोन से हमला कर दिया। इस दौरान हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच खेला जा रहा था।

# सीएम उमर अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को दी नसीहत , बोले-'हथियार डाल दे, नहीं तो' ?

एजेंसी, जम्मू-कश्मीर




जम्मू-कश्मीर में सीमा पर पाकिस्तान की गोलीबारी के बीच ष्टरूउमर अब्दुल्ला ने हालात का जायजा लिया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला जम्मू के सरकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने यहां पूंछ में हुई पाकिस्तानी गोलाबारी में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। घायल हुए लोगों से मुलाकात के बाद सीएम उमर अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि पाक ने आम लोगों को निशाना बनाने की कोशिश की। उसे ये बंद करना चाहिए। पाकिस्तान अब हथियार डाल दे, नहीं तो उनका ही नुकसान होगा।

जम्मू-कश्मीर के सीएम ने कहा, सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने नागरिकों को निशाना बनाने की कोशिश की है।उन्होंने ड्रोन का इस्तेमाल किया। हालांकि इसका श्रेय हमारे रक्षा बलों को जाता है, उन्होंने सभी ड्रोन को मार गिराया। कश्मीर के अनंतनाग में गोला-बारूद डिपो को भी निशाना बनाया गया, लेकिन कोशिश नाकाम कर दी।

सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा, ये हालात हमने नहीं बनाए हैं. पहलगाम में हमारे लोगों पर हमला हुआ, बेगुनाह लोगों को मारा गया. उसका हमें जवाब देना था। अब पाकिस्तान की तरफ से इसे बढ़ाया जा रहा है। इसमें पाकिस्तान को न फायदा है और न ही कामयाबी होगी। बेहतर होगा कि वो अपने बंदूक को खामोश करे. कल रात को जो हुआ, वो बढ़ावा देना चाहते हैं, इससे उन्हें ही नुकसान होगा। अक्ल से उन्हें काम लेना चाहिए।

# सांबा सेटर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

## 7 आतंकी ढेर



एजेंसी, नई दिल्ली

आतंकवादियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन सिंदूर के बीच देर रात एलओसी पर आतंकियों की घुसपैठ करना की कोशिश की। सीमा पर मुस्तैद खड़े बीएएस जवानों ने देर रात 11 बजे के करीब जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक बड़ी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। बताया जा रहा है कि सांबा में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर कई पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए। ये सभी जैश ए मोहम्मद के आतंकी बताए जा रहे हैं।


अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तानी सैनिकों ने गुरुवार रात नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नागरिक इलाकों में भारी गोलाबारी की। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने उरी के सिलिकोट, बोनियार, कमलकोट, मोहरा और गिंगल समेत कई इलाकों को निशाना बनाया।

अधिकारियों ने बताया कि भारी गोलेबारी से कई संरचनाओं को नुकसान पहुंचा और लोगों को भागने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब मोहरा के पास एक परिवार के तीन सदस्य गोलेबारी से बचने की कोशिश कर रहे थे तो उनकी कार पर एक गोला गिरने से वे घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां नरगिस बेगम नामक एक महिला की मौत हो गई।

# 'ये जरूरी था, सेना का अभिनंदन'

## संघ प्रमुख मोहन भागवत

नागपुर/नई दिल्ली



भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के नाम से बयान वक्तव्य जारी किया है। आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने इस हालात में सरकार और सैन्य बलों के साथ खड़े रहने की बात कही है।

मोहन भागवत ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन। हिंदू यात्रियों के नृशंस हत्याकांड में आहत परिवारों को और समस्त देश को न्याय दिलाने के लिए हो रही इस कार्रवाई ने समूचे देश के स्वाभिमान और हिम्मत को बढ़ाया है।

उन्होंने आगे कहा, पाकिस्तानी सेना द्वारा भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों और नागरिक बस्ती क्षेत्र पर किए जा रहे हमलों की हम निंदा करते हैं और जो इन हमलों का शिकार हुए, उनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

### आरएसएस प्रमुख ने लोगों से की ये अपील

आरएसएस प्रमुख ने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस चुनौतीपूर्ण अवसर पर समस्त देशवासियों से आह्वान करता है कि शासन और प्रशासन द्वारा दी जा रही सभी सूचनाओं का पूर्णत: अनुपालन सुनिश्चित करे। इसके साथ-साथ इस अवसर पर हम सबको अपने नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए यह भी सावधानी रखनी है कि राष्ट्र विरोधी शक्तियों के सामाजिक एकता एवं समरसता को भंग करने के किसी भी षड्यंत्र को सफल न होने दें।

मोहन भागवत ने कहा, समस्त देशवासियों से अनुरोध है कि अपनी देशभक्ति का परिचय देते हुए सेना और नागरी प्रशासन के लिए जहां भी, जैसी भी आवश्यकता हो, हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर रहे और राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा को बनाए रखने के सभी प्रयासों को बल प्रदान करें।

# 'सुदर्शन चक्र' ने 500 ड्रोन हमलों को किया नाकाम



एजेंसी, नई दिल्ली

रूस में बने स-400 (सुदर्शन चक्र) और स्वदेशी आकाश मिसाइल वाली भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने ऐसा कमाल किया कि 24 शहरों को निशाना बनाकर पाकिस्तान द्वारा छोड़े गए ड्रोन एक भी जगह कामयाब नहीं हुए. तबाही मचाने से पहले ही उन्हें मार गिराया गया.

भारत ने 8 मई की रात को पंजाब, राजस्थान और गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों और जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और अन्य स्थानों पर सैन्य ठिकानों पर लक्षित पाकिस्तानी मिसाइलों और ड्रोन हमलों को नाकाम कर दिया. यह हमला कितना बड़ा था, इसकी कुछ डिटेल सामने आई हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षा सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान ने 200 मिनट से कुछ अधिक समय में 500 छोटे ड्रोन दागे थे. उसका मकसद 24 भारतीय शहरों को निशाना बनाना था. पाकिस्तान ने गुरुवार को रात 8 बजे से 11.30 बजे के बीच ड्रोन हमले किए, जिसका भारतीय सशस्त्र बलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया. केवल एक जगह जम्मू सिविल एयरपोर्ट पर ड्रोन हमला सफल रहा।

### भारत ने उड़ाए थे 9 आतंकी ठिकाने

भारत ने एक दिन पहले 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया था. अधिकारियों ने कहा है कि मारे गए आतंकवादियों में दो पाकिस्तानी नागरिक थे. यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों के मारे जाने के दो सप्ताह बाद भारत की ओर से उठाया गया कदम था.

# भारत-पाक जंग के बीच छत्तीसगढ़ में हाई अलर्ट

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच छत्तीसगढ़ में भी हाई अलर्ट जारी किया गया है. रायपुर एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. डीजीपी अरुण देव गौतम ने आदेश जारी कर पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है. पुलिस इकाई के प्रमुखों को अलर्ट रहने के सख्त निर्देश दिए गए हैं. आदेश के मुताबिक, अफसरों को मुख्यालय नहीं छोड़ने कहा गया है. अफसर और कर्मचारी शासकीय कार्य से ही जिला मुख्यालय छोड़ सकेंगे.

भारत पाकिस्तान तनाव के बाद के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस अलर्ट मोड में है. रायपुर एयरपोर्ट के अलावा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैड और एमपी के राजा भोज एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है. एयरपोर्ट के बाहरी सर्किल पर वाहनों की जांच की जा रही है. हर एक गाड़ी की सघन जांच हो रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर कांग्रेस ने निकाली तिरंगा यात्रा

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

प्रदेश कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर राजधानी में तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, सांसद ज्योत्सना महंत भी शामिल हुए। यह यात्रा कालीबाड़ी चौक से शुरू हुई, और जयस्तंभ चौक पर इसका समापन हुआ।

### ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर जश्न



भारतीय सेना के पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर कांग्रेस ने जश्न मनाया। आज सुबह करीब 11 बजे तिरंगा कालीबाड़ी चौक से यात्रा निकली, और इसमें पार्टी के छोटे-बड़े नेता, और कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। यात्रा की शुरूआत में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

यह यात्रा कालीबाड़ी चौक से निकली, और मालवीय रोड होते हुए जयस्तंभ चौक पर पहुंची। जयस्तंभ चौक पर यात्रा का समापन हुआ। इस मौके पर प्रभारी सचिव जारिता लैतफलांग, संयुक्त सचिव विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक अरूण वोरा, विकास उपाध्याय, एजाज ढेबर, प्रमोद दुबे सहित अन्य कई प्रमुख नेता और कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री बने राजमिस्त्री

## सोखता गड्ढा बनाकर दिया पानी बचाने का संदेश

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत आज बलौदाबाजार भाटापारा जिले के विकासखंड कसडोल के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम बलदाकछार पहुँचे। उन्होंने मोर गांव, मोर पानी महाभियान के अंतर्गत जल संचयन हेतु जल संचयन वाहिनी द्वारा निर्मित किए जा रहे सोखता गड्ढे का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं निर्माणाधीन सोखता गड्ढे में ईंट जोड़ाई की। पानी बचाने के लिए जल संचयन वाहिनी के कार्यों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संकट से बचने ऐसे प्रयास आवश्यक हैं।

जल संचयन वाहिनी की सदस्य श्रीमती ललिता ध्रुव ने बताया कि मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत बलदाकछार में अब तक 10 नलकूपों के पास सोखता गड्ढों का निर्माण किया जा चुका है। इस अभियान के अंतर्गत तालाबों की सफाई, जागरूकता रैली, दीवार लेखन, तथा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने पंचायत राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल 2025 को मोर गांव, मोर पानी महाभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान के अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की सभी 519 ग्राम पंचायतों में अब तक नलकूपों के पास 2500 सोखता गड्ढों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही, लगभग 1291 तालाबों की सफाई भी की गई है। जल संचयन हेतु ग्राम स्तर पर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिनमें वर्षा जल संचयन हेतु आवश्यक संरचनाओं के निर्माण के प्रस्ताव पारित किए जा रहे हैं तथा निर्मित संरचनाओं का ग्रामवासियों द्वारा भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है। प्रत्येक पंचायत में दो जल संचयन वाहिनियाँ गठित की गई हैं, जो ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए निरंतर प्रोत्साहित कर रही हैं।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)
राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन
रा.मा.क्र./202504110800068/अ-6/2024-25

रायपुर, दिनांक 06/05/2025

प्रति,
श्री अशोक कुमार पिता जवाहर लाल शर्मा निवासी भनपुरी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
द्वाराः- माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदिका शकुन्तला देवी पति हरिशंकर गुप्ता पता खमतराई रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम भनपुरी, प.ह.नं. 39, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 388/7 रकबा 0.027 हे. भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता अशोक कुमार पिता जवाहर लाल शर्मा निवासी भनपुरी, रायपुर से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 17/11/1987 के माध्यम से क्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त भूमि विक्रेता के नाम पर दर्ज है। अतः उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन कि है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अतः आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 19/05/2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरिक्त तहसीलदार
मुहर रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)
राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन
रा.मा.क्र./202504110800069/अ-6/2024-25

रायपुर, दिनांक 06/05/2025

प्रति.
01. श्री गनेशराम पिता राजाराम
02. श्री रामानन्द पिता राजाराम दोनों निवासी आमापारा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
द्वाराः-माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदिका शकुन्तला देवी पति हरिशंकर गुप्ता पता खमतराई रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम भनपुरी, प.ह.नं. 39, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 388/8 का भाग, रकबा 3000 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेतागण 01. गनेशराम पिता राजाराम, 02. रामानन्द पिता राजाराम जायसवाल निवासी आमापारा रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 28/10/1987 के माध्यम से क्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त भूमि विक्रेतागण के नाम पर दर्ज है। अतः उक्त भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर विक्रेतागण का नाम विलोपित कर आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन कि है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अतः आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 19/05/2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरिक्त तहसीलदार
मुहर रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)
राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन
रा.मा.क्र. / 202503110800064/अ 6/2024-25

रायपुर, दिनांक 05/05/2025

प्रति.
01. श्री रमेश साहू पिता स्व. दयाराम साहू निवासी नया मंगल बाजार गुढ़ियारी रायपुर,
02. अध्यक्ष, गीतांजली गृह निर्माण समिति टिकरापारा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
द्वाराः-माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदिका श्रीमती चन्दा साहू पति नरेश साहू निवासी भवानी नगर कोटा रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम गोंदवारा, प.ह.नं. 37, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक 76, खसरा नंबर 666/4, रकबा 700 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता रमेश साहू पिता स्व. दयाराम साहू निवासी नया मंगल बाजार गुढ़ियारी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 07/12/2010 के माध्यम से क्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त भूमि गीतांजली गृह निर्माण सहकारी समिति रायपुर के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदिका अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अतः आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 19/05/2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरिक्त तहसीलदार
मुहर रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः
202505112800003/147
मामले की श्रेणीः- राजस्व
विषयः-अ-20(3) सन् : 2024-25
रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार
(1) हिमांशु अवस्थी पिता स्व. अरुण कुमार अवस्थी, (2) सागर अवस्थी पिता स्व. अरुण कुमार अवस्थी,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा सिविल स्टेशन, पेंशनबाड़ा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) हिमांशु अवस्थी पिता स्व. अरुण कुमार अवस्थी, (2) सागर अवस्थी पिता स्व. अरुण कुमार अवस्थी, निवासी-होलीक्रास स्कूल के पास, पेंशनबाडा, रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा सिविल स्टेशन, पेंशनबाडा स्थित ब्लॉक नंबर-116, 119, प्लॉट नंबर-33, 34/4, रकबा 1233 वो 17 रकबा 1250 वर्गफुट एवं 5/21 रकबा 18 कुल रकबा 1233+17+18-1268 वर्गफुट भूमि आवेदकगणों के पिताजी अरुण कुमार अवस्थी पिता सूर्यदेव अवस्थी के नाम दर्ज है। आवेदकगण के पिता अरुण कुमार अवस्थी की मृत्यु दिनांक 31/10/2020 तथा आवेदकगणों की माता किरण अवस्थी की मृत्यु दिनांक 01/01/2020 को गया है, जिनके वारिसानों में आवेदकगण हैं, अन्य कोई भाई, बहन नहीं है। अतएव आवेदकगणों के द्वारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ संधारण खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 27/05/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/05/2025 को जारी किया जाता है।

Manish Mishra
नजूल अधिकारी
मुहर रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना
जारी दिनांक /07/05/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं.-79. रा.नि.मं-रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक डूगेश कुमार साहू पिता भाऊराम साहू निवासी छोटा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 65/18 रकबा 0.0140 हे. भूमि को सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. ... अ-12 वर्ष 2025-25 आदेश दिनांक 25/04/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 27/5/2025 को समय 2:00 बजे अपरांत बजे किया जाना नियत है।

अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में बटांकन कार्य किया जा सकता है। बटांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर सो सूचना जानें।

आम सूचना
जारी दिनांक /07/05/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं.-79...रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक श्रीमती गंगा बाई सेन, पति बिजे कुमार निवासी दुर्गा चौक गांधी नगर पंडरी द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 65/11 रकबा 0.0070 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्रं. अ-12 वर्ष 2005-25 आदेश दिनांक 25/04/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 27/5/2025 को समय 2:00 बजे उपरांत किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में बटांकन कार्य किया जा सकता है। बटांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर सो सूचना जानें।

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202504112500170
अ/6 वर्ष 2024-25
आरंग, दिनांक 05.05.2025
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मीनारायण पिता गंगाप्रसाद लोधी वगैरह निवासी वार्ड नं. 04 लोधी पारा आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित भूमि खसरा नं. 767, 768, 1123/1, 2678/12 रकबा 0.821, 0.101, 0.231, 0.011हे. भूमि कुल खसरा 04 कुल रकबा 1.164हे. भूमि लक्ष्मी पिता गंगाप्रसाद वगैरह के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। हक त्यागकर्तागण द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 08/04/2025 Book No- 1 Volume No. 4611 Pages 366 To 391 With Document No.CG-2025-26-104-1-129 को आवेदक के नाम पर पारिवारिक व्यवस्था के तहत हक त्याग किया गया है। हक त्याग के आधार पर आवेदक का नाम आवेदित भूमि पर दर्ज किये जाने हेतु प्रकरण भूईया से दर्ज होकर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभकिया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20.05.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
मुहर आरंग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र -03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. - 0771-2991574
Email ID:eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, डुमरतराई, रायपुर में स्थित दुकान क्र. सी-107, श्री अनंत राय मजीठिया पिता स्व. श्री दुर्लभ जी भाई मजीठिया, के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 5581 दिनांक 25.09.2010 द्वारा आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा करने उपरांत दिनांक 19.02.2013 को लीजडीड निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी द्वारा उक्त दुकान को क्रेता 1. श्री नरेश कुमार पटेल पिता श्री नरसी भाई पटेल, निवासी-फ्लैट नं.-604, सिटी पैराडाईस, व्ही.आई.पी. रोड, होटल बेबीलोन के सामने, खनिज नगर, रायपुर (छ.ग.) 2. श्री पटेल सुकेनकुमार सुरेशभाई पिता श्री सुरेश भाई पटेल, निवासी-33, धनवर्षा सोसायटी, नवजीवन हाईस्कूल के पास, ऊझा, माहेसाना, गुजरात के पक्ष में विक्रय किये जाने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, रायपुर (छ.ग.)

# साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
राज्य में सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को शासकीय कार्य प्रणाली में प्रोत्साहित करने के लिए आज यहाँ नवा रायपुर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। साइबर सिक्योरिटी विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में साइबर सिक्योरिटी सेंटर ऑफ एक्सीलेस, हैदराबाद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. श्रीराम बिरुदावोलू ने अपना मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने कहा कि अब साइबर सुरक्षा मात्र तकनीक का विषय नहीं रह गया है, बल्कि शासन की नागरिक केन्द्रित सेवाओं की प्रदायगी के लिए मूलभूत आवश्यकता बन गयी है। यह कार्यशाला प्रशासनिक अधिकारियों को साइबर खतरों की गहरायी को समझने और शासन के डिजिटल संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यशाला में साइबर खतरों की पहचान, रोकथाम एवं प्रतिक्रिया रणनितियां साइबर हमलों की नवीनतम् प्रवृत्तियों, कानूनी एवं विनियामक ढांचा आदि विषयों पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

साइबर सुरक्षा पर प्रस्तुतीकरण देते हुए हैदराबाद से आये डॉ. आराम बिरुदावोलू ने बताया कि साइबर सुरक्षा तंत्र वैश्विक जीडीपी में तीसरा स्थान रखता है, जो कि भारत की जीडीपी से लगभग तीन गुना अधिक है। इसे देखते हुए शासकीय कार्यप्रणाली में सुशासन स्थापित करने के लिए साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है, अन्यथा यह सुनामी के जैसा संकट उपस्थित कर सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक राज्य सरकार साइबर सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित करें।

कार्यशाला में लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, समाज कल्याण विभाग की संचालक सुश्री रोक्तिमा यादव, राज्य ग्रामीण लाईवलीहुड मिशन की संचालक सुश्री जयश्री जैन, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की महाप्रबंधक सुश्री पद्मनी भोई साहू, चिप्स के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शशांक पाण्डे, संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अनुपम आशीष टोप्पो सहित गृह, वन और शिक्षा विभाग के अनेक अधिकारियों ने भाग लिया।

# ईमानदारी से काम करने वाली हमारी सरकार ने जनता के सामने रखा है अपना रिपोर्ट कार्ड : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
ईमानदारी से काम करने वाली सरकार ही जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड रख सकती है। हमने ये काम किया है। हमारी पारदर्शी सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए आपके बीच पहुंच रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज सुशासन तिहार के अंतर्गत गरियाबंद जिले की ग्राम पंचायत मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित करते हुए यह बातें कही। श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के पांचवें दिन आज 10 वें जिले में आप सभी के बीच आया हूं ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का पता चल सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 75 करोड़ की लागत से ग्राम पंचायत मड़ेली में 132 केवी सब स्टेशन और विद्युत लाइन विस्तार तथा 147 करोड़ रुपए की लागत से राजिम से छुरा (बेलटुकरी होते हुए) 43 किमी सड़क चौड़ीकरण और पिपरछेड़ी जलाशय के अधूरे निर्माण को पूर्ण कराए जाने की बड़ी घोषणा की।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भगवान राजीव लोचन के जयकारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को लगभग डेढ़ साल पूरे होने वाले है। इस दौरान हम मोदी की सभी गारंटियों को पूरा करने का काम कर रहे हैं। श्री साय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने सभी से वादा किया था कि सरकार बनते ही मुख्यमंत्री का पहला काम होगा कि वे सभी गरीब व जरूरतमंद परिवारों को पक्का छत मुहैया कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट में 18 लाख गरीब परिवारों के आवास को स्वीकृति दी थी और लगातार अब भी आवास देने का काम कर रहे हैं। श्री साय ने कहा कि आगामी 13 तारीख को केंद्रीय पंचायत मंत्री की मौजूदगी में 3.5 लाख आवास गरीब परिवारों को और मिलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आवास प्लस प्लस की सर्वे तिथि को भी बढ़ा दिया गया है और आवास की पात्रता नियमों को भी शिथिल कर दिया गया है। उन्होंने सभी से आवास प्लस प्लस सर्वे में शामिल होने का आग्रह किया। श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, धान के बकाया बोनस की राशि देने और महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की माताओं - बहनों को आर्थिक संबल देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से हम अपने प्रदेशवासियों और वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं। श्री साय ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेने को कहा।

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को वितरित की सामग्री

समाधान शिविर में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल और विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को अन्य उपकरण और सामग्रियां वितरित किए। मुख्यमंत्री ने विभागीय स्टालों का दौरा कर अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली और लंबित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया और गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म में शामिल हुए।

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजु एस. मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री साय ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार के तृतीय चरण में आज महासमुंद जिले में जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और मरीजों से आत्मीय संवाद कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर प्रदेश के खाद्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, सांसद रूपकुमारी चौधरी तथा महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय 60 वर्षीय मरीज श्री गंगाराम से भी मिले, जिन्होंने बताया कि कमजोरी के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था, लेकिन चार दिन के उपचार के पश्चात अब वे स्वस्थ अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था, इलाज और चिकित्सकों के व्यवहार की सराहना की।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री साय ने डायलिसिस वार्ड का निरीक्षण कर किडनी पीड़ित मरीजों से बातचीत की और उनके इलाज संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता वाले मरीज श्री अतुल चंद्राकर से आत्मीयता से बात की। जब श्री चंद्राकर ने मदद की गुहार लगाई, तो मुख्यमंत्री श्री साय ने आश्वस्त किया कि डोनर की व्यवस्था होते ही ट्रांसप्लांट का पूरा खर्च हम उठाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, ताकि प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ इलाज मिल सके।

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202504112500041
अ/ 6 अ वर्ष 2024-25
आरंग, दिनांक 28,04,2025
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्तिक पिता पवन कुमार साहू निवासी ग्राम आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर द्वारा आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नं. 1487/2, 1858/1, 1949 का रकबा 0.0280. 0.0040, 0.0530हे. भूमि कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.0850हे. भूमि खातेदार बुधयारिन बाई पति पवन कुमार वगैरह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। सहखातेदार बुधयारिन बाई पति पवन कुमार का निधन दिनांक 12.06.2019 को हो चुका है। आवेदक द्वारा मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर मृतक के विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण भूईया मद में दर्ज कर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 29.05.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
मुहर आरंग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. ---अ/ 74 वर्ष 2024-25
ग्राम पंधी प.ह.नं. 31 तहसील आरंग

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, आवेदक जितेन्द्र अग्रवाल पिता स्व. बृजभूषण अग्रवाल निवासी ग्राम पंधी तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम पंधी प.ह.नं.31 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 153/2 रकबा 0.0400 अ हे. भूमि जितेन्द्र पिता बृजभूषण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका असावधानी पूर्वक गुम हो जाने के कारण आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जारी करने हेतु आवेदन सह-पत्र सहित इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः एवं इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 20/05/2025 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
मुहर आरंग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क. 202504112500169
अ/6 वर्ष 2024-25
आरंग, दिनांक 05.05.2025
ग्राम गुल्लू प.ह.नं. 24

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरज कुमार साहू पिता जोगीराम साहू निवासी ग्राम गुल्लू, तहसील आरंग, जिला रायपुर द्वारा ग्राम गुल्लू प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. आरंग स्थित भूमि खसरा नं. 2937/1 का भाग रकबा 0.400 हे. भूमि कुल खसरा नं. 1 कुल रकबा 0.400हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में खातेदार (दानदाता) जोगीराम पिता तिहारू तेली के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार (दानदाता) जोगीराम पिता तिहारू तेली के द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 08/04/2025 Book No- 1 Volume No. 4611 Pages 408 To 422 With Document No. CG-2025-26-104-1-131 को आवेदक दानग्रहिता के नाम पर पारिवारिक व्यवस्था के तहत निष्पादित किया गया है। दानपत्र के आधार पर आवेदक द्वारा उक्त आवेदित भूमि पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रकरण भूईया से दर्ज होकर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20.05.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
मुहर आरंग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./ .20784 /न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 09-05-2025
इश्तिहार
नामांतरण प्र. क्र. .20784
वार्ड का नाम - 41- दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 41 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569G00022 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GUPTEESHWAR NATH KANWAR पिता/पति श्री/श्रीमती MUKTINATH KANWAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती DURGAVATI SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती HEMANT SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./ .20785 /न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 09-05-2025
इश्तिहार
नामांतरण प्र. क्र. 20785
वार्ड का नाम - 43- महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 43 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR561E0096A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती LEKHRAJ KHATRI पिता/पति श्री/श्रीमती AVATAMAL KHATRI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती DINESH KHATRI पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. LEKHRAJ KHATRI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com
पत्र क्र./ .20786 /न.पा.नि./जोन क्र.- 5 / 2025
रायपुर, दिनांक 09-05-2025
इश्तिहार
नामांतरण प्र. क्र. 20786
वार्ड का नाम - 68- खूबचंद बघेल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 68 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567H00285 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RENIK BAFNA पिता/पति श्री/श्रीमती SURAJ MAL BAFNA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती SHANTI BAFNA पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. RENIK BAFNA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 10, अप्रैल 2025

सार-समाचार

## विकास कार्यों के लिए लगातार आ रही राशि का जनहित में हो उपयोग : उप मुख्यमंत्री साव



रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज दुर्ग जिले के कुम्हारी नगर पालिका का औचक निरीक्षण किया। साव ने नगर पालिका कार्यालय के निरीक्षण के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में कामकाज की व्यवस्था, वेतन भुगतान और अमृत मिशन योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने नगर पलिका के विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति एवं सुशासन तिहार में आए आवेदनों के निराकरण के संबंध में भी जानकारी ली। साव ने नगर पालिका कार्यालय की स्थापना शाखा पहुंचकर कैश बुक चेक किया। उन्होंने लेखा शाखा के कार्यों का अवलोकन कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर को कैशबुक में नियमित एंट्री करने और उसे मेंटेन रखने के निर्देश दिए। साव ने स्थापना शाखा का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री साव द्वारा सुशासन तिहार में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी ली गई, जिसमें बताया गया कि सुशासन तिहार में नगर पालिका कार्यालय से सम्बंधित 990 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है, वहीं अन्य विभागों से सम्बंधित आवेदनों को निराकरण के लिए प्रेषित कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री साव ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अमृत मिशन योजना की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने जानकारी दी कि 2800 में से 2600 प्रधानमंत्री आवास का निर्माण पूर्ण कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री साव ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अमृत मिशन योजना एक महत्वपूर्ण योजना है।

# राज्य के हर कोने तक समय पर दवाएं, पारदर्शी और उत्तरदायी स्वास्थ्य सेवा की ओर सशक्त कदम

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी



छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को पारदर्शी, उत्तरदायी और तकनीकी रूप से दक्ष बनाने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल करते हुए 'औषधि दर्पण' नामक डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया है। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससीएल) द्वारा विकसित यह ऐप दवा आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करने, निगरानी को मजबूत करने और वितरण व्यवस्था को वास्तविक समय (रियल-टाइम) में संचालित करने हेतु तैयार किया गया है। 'औषधि दर्पण' ऐप को ड्रग प्रोक्योरमेंट एंड डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम के अंतर्गत डिज़ाइन किया गया है। इस सिस्टम के माध्यम से अब राज्य के किसी भी स्वास्थ्य संस्थान में दवाओं की उपलब्धता, उनकी मांग, शिपमेंट, वितरण और भंडारण की स्थिति का सटीक विश्लेषण किया जा सकता है। ऐप का उपयोग मोबाइल, टैबलेट या डेस्कटॉप किसी भी उपकरण पर संभव है, जिससे अधिकारियों को त्वरित निर्णय लेने में सहूलियत होती है और स्वास्थ्य सेवा अधिक लचीली बनती है। ऐप की सबसे बड़ी विशेषता है इसकी रीयल-टाइम ट्रैकिंग क्षमता, जिससे दवाओं के स्टॉक का निरंतर मूल्यांकन किया जा सकता है। यह न केवल किसी भी प्रकार की कमी या अधिकता से बचाता है, बल्कि समय पर आवश्यक दवाओं की आपूर्ति भी सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, ऐप के माध्यम से दवाओं की समाप्ति तिथि की भी निगरानी की जाती है और आवश्यकतानुसार उनका पुनर्वितरण संभव होता है, जिससे दवाओं की बर्बादी को रोका जा सके। गौरतलब है कि ऐप में जीपीएस ट्रैकिंग प्रणाली एकीकृत की गई है, जिससे दवा वितरण वाहनों की निगरानी भी संभव हो गई है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि दवाएं दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों तक भी सही समय पर पहुँचे। लॉजिस्टिक्स की निगरानी अब राज्य के केंद्रीय गोदामों से लेकर अंतिम डिलीवरी तक की जा रही है। 'औषधि दर्पण' ऐप में एक राज्य स्तरीय निगरानी मॉड्यूल भी है, जिससे सभी स्तरों ङ्क राज्य, ज़िला, संभाग, निदेशालय और स्थानीय संस्थानों ङ्क पर एकीकृत आंकड़ों के आधार पर रणनीतिक निर्णय लिए जा सकते हैं। इससे शासन प्रणाली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की भावना को बल मिलता है। इस तकनीकी नवाचार के सामाजिक प्रभाव भी उल्लेखनीय हैं। अब आम जनता को आवश्यक दवाएं समय पर प्राप्त हो रही हैं। डॉक्टर और फार्मासिस्ट अब दवा प्रबंधन की चिंताओं से मुक्त होकर सेवा गुणवत्ता पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पा रहे हैं। विशेष रूप से आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित और भरोसेमंद दवा आपूर्ति एक बड़ी उपलब्धि है। सीजीएमएससीएल की प्रबंध निदेशक श्रीमती पद्मिनी भोई ने कहा, 'औषधि दर्पण' एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो छत्तीसगढ़ की दवा आपूर्ति प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। रियल-टाइम डेटा के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर पा रहे हैं कि दवाएं समय पर हर जरूरतमंद तक पहुँचे। इससे जनविश्वास भी और मजबूत हुआ है।

यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर मुफ्त में उपलब्ध है और इसे राज्य भर के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में लागू कर दिया गया है। आमजन या अधिकारी अधिक जानकारी के लिए https//dpdmis.in पोर्टल पर भी जा सकते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल डिजिटल सुशासन के क्षेत्र में एक आदर्श उदाहरण है, जो भविष्य में अन्य राज्यों के लिए भी मार्गदर्शक बन सकती है।

# विधायक अनुज ने आशीर्वाद स्वरूप बच्चों को दिया नवीन शाला



**कच्चे घड़े समान होते है बच्चे, इन्हे संवारने व सुयोग्य बनाने मे शिक्षकों की रहती है अहम भूमिका - अनुज**

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

धरसींवा विधानसभा के ग्राम तेंदुआ में नवनिर्मित शाला भवन आदर्श स्कूल का उद्घाटन विधायक अनुज शर्मा के करकमलों से हुआ। आज के इस कार्यकर्म के मुख्य अतिथि धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा रहे। इस अवसर पर शर्मा ने कहा की कच्चे घड़े समान होते है बच्चे, इन्हे संवारने व सुयोग्य बनाने मे शिक्षकों की रहती है अहम भूमिका ,बच्चों को केवल अपनी पढाई और लक्ष्य पे ध्यान देना हैं क्युकी शिक्षकों व शाला में किसी भी प्रकार की कमी की चिंता करने के लिए उनका विधायक उनके साथ हैं। मैं चाहता हू की धरसींवा विधानसभा के बच्चे बड़े हो कर बड़े अधिकारी बने और धरसींवा का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करे। मैं सभी बच्चों को नये शाला की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी की उज्वल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा , सरपंच श्रीमती ऋतू साहू , छगनू साहू , मुरारी साहू , मनोज साहू ,कैलाश साहू एवं शाला के संचालक, प्राचार्य ,शिक्षक व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# नालो, नालियों पर बनाये अवैध पाटो को तोडकर सफाई करवाने के महापौर के निर्देश

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने आज जोन 10 कार्यालय पहुंचकर निगम जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू, एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह, जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन बी मेघानी, पार्षद श्रीमती गायत्री नौरंगे पिंकी, विनय पंकज निर्मलकर, मनोज जांगडे, श्रीमती सुषमा तिलक साहू, विनय प्रताप सिंह ध्रुव, जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला, दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता योगेश यदु, सुशील अहीर सहित उपअभियंताओं, अन्य संबंधित जोन अधिकारियों की उपस्थित में जोन के कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर जनहित में आवश्यक निर्देश दिये। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने जोन कमिश्नर एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी को मानसून की पहली बारिश के पूर्व जोन 10 के सभी 7 वार्डो के सभी बडे नालो की 2-3 बार अच्छी तरह पूर्ण सघन सफाई गंदे पानी का सुगम निकास प्रबंधन करने प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिये है। महापौर ने अधिकारियों को जोन के वार्ड क्षेत्रों में नालो, नालियों पर कब्जा कर बनाये गये अवैध पाटो को तोड़कर नाले, नालियों की सफाई करवाने के निर्देश दिये है। महापौर ने गर्मी के दौरान सतत मॉनिटरिंग कर सभी वार्डो में रहवासियों को सुगम जलापूर्ति व्यवस्थित रूप से करने निर्देशित किया है। महापौर ने वार्डो में स्ट्रीट लाईट प्रबंधन कार्य अच्छी तरह करने के निर्देश अधिकारियों को दिये है। बैठक में महावीर नगर नाला के भीतर से पेड़ हटाने के निर्देश दिये गये। महापौर ने अमृत मिशन योजना के तहत जोन 10 क्षेत्र में वार्डो में पेयजल आपूर्ति से संबंधित आ रही समस्याओं का वार्डो में निरीक्षण कर पार्षदो से समन्वय बनाकर त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये है। महापौर ने वार्ड पार्षदों से समन्वय रखकर वार्डो की जनसमस्याओं से अवगत होकर उनका जोन स्तर पर त्वरित निदान करने का कार्य प्राथमिकता से जनहित में करने कहा है। पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड पार्षद ने सडक पर जल भराव होने की समस्या बतलाई तो महापौर ने संबंधित अधिकारी को साइट निरीक्षण कर पार्षद से चर्चा कर जानकारी लेकर समस्या का समाधान शीघ्र करने के निर्देश दिये। महापौर ने वार्डो में विकास कार्यों को गतिमान कर गुणवत्ता युक्त तरीके से सतत मॉनिटरिंग करके करवाने के निर्देश दिये है। जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू ने फिल्टर प्लांट से रायपुर शहर में दिये जा रहे पेयजल का विस्तृत विवरण बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेन्द्र को दिये है। जल कार्य विभाग अध्यक्ष ने जोन 10 जोन कमिश्नर को सुझाव दिया है।

## निगम जोन 3 ने वार्ड 48 के कांशीराम उद्यान में तेज आंधी - तूफान में गिरे पेड़ों को तत्काल उठवाकर किया जनशिकायत का त्वरित निदान



रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 3 के अंतर्गत गुरू घासीदास वार्ड नम्बर 48 के अंतर्गत कांशीराम उद्यान में टीम भेजकर विगत दिनों रायपुर शहर क्षेत्र में आई तेज आंधी- तूफान के दौरान उद्यान परिसर के भीतर अचानक टूटकर गिरे पेड़ों को अभियान चलाकर तत्काल हटाने का कार्य किया गया और नगर निगम रायपुर को प्राप्त जन शिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निराकरण किया गया.

## आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने दी सेवानिवृत्त अधिकारी के.आर.पिस्दा को श्रद्धांजलि

रायपुर, प्रतिदिन राजधानी



आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से आज शाम यहां मंत्रालय (महानदी भवन) में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी के.आर.पिस्दा के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, उपाध्यक्ष अमित कटारिया, सचिव रजत कुमार सहित अपर मुख्य सचिव द्वय सुब्रत साहू, मनोज कुमार पिंगुवा, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, धनंजय देवांगन, दिनेश श्रीवास्तव (से.नि.) सहित अन्य भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने उनके निधन पर दुख जताते हुए उनके शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। अधिकारियों ने उनके साथ किए गए अपने कार्य अनुभव को साझा किया। पिस्दा ने दक्षिण बस्तर (दंतेवाड़ा) और उत्तर बस्तर (कांकेर) कलेक्टर सहित अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए विकास के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके दंतेवाड़ा कलेक्टर रहने के दौरान नक्सलवाद से निपटने ग्रामीणों द्वारा स्वस्फूर्त सलवा जुडूम आंदोलन चलाया गया था। पिस्दा एक कुशल प्रशासक, कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार और लोकप्रिय अधिकारी थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दी।

# विधायक मूणत ने आयुक्त, सभापति सहित सरोना में कचरे के रेमीडिएशन कार्य की देखी प्रगति

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति सूर्यकान्त राठौड़, राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, संत रविदास वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, एमआईसी सदस्य प्रतिनिधि सुनील चंद्राकर, अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता , जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रधुमणी प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कडु, सरोना रेमीडेएशन कार्य के ठेकेदार एजेंसी हील ब्रो मेटेलिक प्रा.लि. के प्रतिनिधि की उपस्थिति में राजधानी के सरोना में कचरे के रेमीडिएशन कार्य की प्रगति का स्थल पर पहुंचकर प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक ने कार्य की अत्यंत धीमी गति को लेकर स्थल पर अपनी गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल अतिरिक्त मशीनें संसाधन लगाकर कार्य को गतिमान करते हुए शत प्रतिशत कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से हर हाल में 30 जून 2025 के पूर्व तक पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के कडे निर्देश संबंधित अनुबंधित एजेंसी हील ब्रो मेटेलिक प्रा.लि. के प्रतिनिधि सहित निगम अभियंताओं को दिये, ताकि आगामी वर्षा ऋतु में सम्बंधित स्थल पर पौधरोपण अभियान चलाया जा सके।

# महापौर मीनल चौबे ने जोन 2 में पार्षदों की बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा की

- **जनसमस्याओं का त्वरित निदान नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की, जन समस्याओं का त्वरित निदान करने के दिये निर्देश**
- **टाइमर को सेट कर स्ट्रीट लाईट व्यवस्थित जलाने के निर्देश**

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 2 कार्यालय पहुंचकर निगम जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू एमआईसी सदस्य महेन्द्र खोडियार, अवतार भारती बागल, पार्षद रामहीन कुर्रे, कृतिका जैन, शेख मुशीर, खगपति सोनी, जोन कमिश्नर डॉ. आर.के. डोंगरे, कार्यपालन अभियंता पी.डी. घृतलहरे सहित जोन के संबंधित सभी अधिकारियों की उपस्थिति में जोन के विभिन्न विभागो के कार्यों की जानकारी लेकर उसकी गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने बैठक में वार्ड पार्षदों से चर्चा कर सुझाव लिये। महापौर ने बैठक में नगर निगम को नियमानुसार जलकर अदा नहीं करने वाले लोगो की सूची बनाकर उनके घरो के नल कनेक्शन काटने की कडी कार्यवाही अभियान चलाकर करने के निर्देश दिये है। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने जोन स्तर पर जनसमस्याओं का त्वरित निदान नहीं होने को लेकर गहन नाराजगी व्यक्त की है। महापौर ने जोन स्तर पर जन समस्याओं का त्वरित निदान प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये है। महापौर ने जोन के वार्डो में सुव्यवस्थित स्ट्रीट लाईट प्रबंधन करने टाइमर सेट कर स्ट्रीट लाईट शत प्रतिशत संख्या में जलाने की व्यवस्था करने निर्देशित किया है। महापौर ने सभी वार्डो में सतत मॉनिटरिंग कर गर्मी में सुगम जल आपूर्ति नागरिको को करने एवं वर्षा पूर्व गंदे पानी का निकास सुगम बनाने नालो, नालियों की अच्छी तरह पूर्ण सघन सफाई करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिये है।

# सुशासन तिहारः- तृतीय चरण में रायपुर नगर निगम द्वारा जोनवार समाधान शिविर लगाया जायेगा

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के अंतर्गत विगत दिनांक 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से मांगों और शिकायतों से सम्बंधित ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों में लगाए जाकर प्राप्त किये गए. द्वितीय चरण में लगभग 1 माह में प्रथम चरण में प्राप्त आम जनता की मांगों और शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक समाधान करने का कार्य अत्यंत तेज गति से प्रतिदिन किया गया. रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त विश्वदीप के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत दिनांक 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर लगाकर सम्बंधित अधिकारीगण आवेदकगणों को उनके आवेदन पर की गयी समाधान की कार्यवाही की जानकारी देंगे और विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं की हितग्राहियों को जानकारी देंगे, ताकि पात्र हितग्राहीगण शासन की विभिन्न लाभदायी योजनाओं से सहजता और सरलता से पूर्ण लाभान्वित हो सकें. इसके अंतर्गत सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा जोनवार सभी 10 जोनों में विभिन्न 10 सार्वजनिक स्थानों पर समाधान शिविर आयोजित किये जायेंगे.जोन 1 के तहत 10 मई को दही हांडी मैदान गुढ़ियारी, जोन 3 के तहत 13 मई को बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर, जोन 4 के तहत 15 मई को सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, जोन 5 के तहत 19 मई को डीडी नगर सामुदायिक भवन सेक्टर -2, जोन 6 के तहत 20 मई को शहीद संजय यादव उच्चतर माध्यमिक शाला टिकरापारा,जोन 7 के तहत 23 मई को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम जीई मार्ग, जोन 8 के तहत 27 मई को सामुदायिक भवन भारत माता स्कूल के सामने टाटीबंध, जोन 9 के तहत 28 मई को इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय कम्युनिटी हाल जोरा रायपुर, जोन 10 के तहत 30 मई को सामुदायिक भवन गुरुद्वारा देवपुरी में समाधान शिविर लगाया जायेगा।

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 10, अप्रैल 2025

## सम्पादकीय

# कार्रवाई आतंकियों के सफाए के बाद रुके


पाकिस्तान आतंकियों को पालता पोसता इसलिए है कि उनका इस्तेमाल कर वह भारत को समय समय पर गहरे जख्म देता रहे।पाकिस्तान भारत से कई बार लड़ के देख लिया, हर बार उसे हार का सामना करना पड़ा है, वह जानता है कि भारत से वह युध्द कर जीत नहीं सकता है। फिर भी वह भारत में आतंकवादियों को हमले के भेजकर कर युध्द के लिए उकसाता रहता है।भारत की सेना को पाकिस्तान व आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देना आता है लेकिन सेना को इसकी इजाजत मिले तो वह कुछ करे। 2014 के पहले देश में राजनीतिक इच्छाशक्ति लंबे समय तक कमी रही।देश में मजबूत सरकार होती है तो मजबूत इच्छाशक्ति होती है। मजबूत फैसले लिए जाते है। 2014 के बाद देश में मोदी की मजबूत सरकार आने के बाद आतंकवादियों को जिस तरह कड़ा जवाब दिया गया, हर बार पहले से ज्यादा कड़ा जवाब दिया गया,वैसा जवाब पहले भी दिया जा सकता था लेकिन देश के सम्मान की जगह तब अपने राजनीतिक हित को ज्यादा महत्व दिया गया। मुंबई हमले के बाद सेना कार्रवाई के लिए तैयार थी लेकिन इजाजत नहीं दी गई कि वोट बैंक नाराज हो जाएगा।मोदी सरकार ने सिंतबर 16 में जम्मू कश्मीर के उरी में भारतीय सेना के बेस पर आतंकी हमले में 19 जवानों के मारे जाने को पहली बार गंभीरता से लिया और भारत ने पहली बार नियंत्रण रेखा पार कर सर्जिकल स्ट्राइक की और आतंकी लांच पैडों को नष्ट कर अपनी सीमा में लौट आई।

यह आतंकवाद के खिलाफ पहली बड़ी कार्रवाई थी और आतंकियों को संदेश दिया गया था कि भारत आतंकियों के सफाए के लिए सीमा पार भी कर सकता है।इसके बाद फरवरी 19 में पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकियों ने आत्मघाती हमला कर 40 जवानों का मार दिया था। इस पर पहली बार भारत ने आतंकियों के सफाए के लिए बालाकोट में एयर स्ट्राइक कर जैशे मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविर पर हमला किया था और पाकिस्तान का संदेश दे दिया था कि भारत आतंकियों के सफाए के लिए पाकिस्तान के भीतर घुसकर भी हमला कर सकता है। भारत ने पिछले दस सालों में देश के भीतर आतंकवाद को समाप्त कर दिया और जम्मू कश्मीर में भी उसे अच्छी सफलता मिली थी लेकिन पाकिस्तान जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को बनाए रखने के लिए आतंकवादी संगठनों के जरिए वारदात करवाता रहा। मौके की ताक में रहा कि कब उसे कोई बढ़ी घटना को अंजाम देने का मौका मिले वह मौका उसे पहलगाम में मिला। उसने 26 भारतीयों की उनका धर्म पूछ कर हत्या की। यह भारत की आत्मा पर गहरा जख्म था इसलिए इस मामले में मोदी सरकार ने वह करने का फैसला किया जो उसने आज तक नहीं किया था। पहले वह इसलिए नहीं कर सकी क्योंकि उसके पास ऐसे अत्याधुनिक साधन नहीं थे। आज उसने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के पीओके, पंजाब के आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने के 9 ठिकानों को बिना पाकिस्तान की सीमा पार कर नष्ट कर दिया है।और इस बार के एयर स्ट्राइक में भारत ने यह संदेश दिया है कि अब भारत पाकिस्तान के भीतर कही भी आतंकियों का सफाया कर सकता है। कभी भी आतंकियों का सफाया कर सकता है और पाकिस्तान उसे रोक नही सकता। इससे आतंकियों के मन में पाकिस्तान सरकार के प्रति जो भरोसा था कि वह उन्हें भारत से बचा लेगी।

# भारत का आतंक पर कभी न भूलने वाला प्रहार

भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से यह साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के सभी प्रारूपों और स्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है। भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार।

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी।



**योगेश कुमार गोयल**

भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं।

भारत ने यह कार्रवाई अचानक नहीं की बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई। सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिये भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पीओके में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब 'हिट ऐंड होल्ड' की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो। इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह 'नो वॉर्निंग, नो वॉर' रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था। इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। ऐसे में भारत का यह सैन्य कदम उस लंबे कूटनीतिक संघर्ष का परिणामी वार था, जिसे वर्षों से संजोया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब केवल एलओसी तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ तो भारत नियंत्रण रेखा पार करके भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। यह नीति पाकिस्तान के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि यदि उसने अब भी अपने घर में पल रहे आतंकी सांपों को दूध पिलाना बंद नहीं किया तो अगली बार भारत उनके बिलों तक पहुंचेगा और उन्हें वहीं खत्म करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की सैन्य क्षमता अब केवल परंपरागत युद्धों तक सीमित नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में जिन हथियारों और तकनीकों का उपयोग किया गया, उनमें राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन निगरानी, रियल टाइम सैटेलाइट डेटा और बंकर भेदी बम शामिल थे। यह सब कुछ दर्शाता है कि भारत अब एक आधुनिक, आक्रामक और निर्णायक सैन्य शक्ति बन चुका है।

# ऑपरेशन सिंदूरः नई रणनीतिक सोच और आतंकवाद पर निर्णायक वार

**विधु दुबे**

भारत द्वारा हाल ही में अंजाम दिए गए ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अब देश आतंकवाद के खिलाफ न केवल प्रतिक्रिया देने वाला, बल्कि निर्णायक कार्रवाई करने वाला राष्ट्र बन चुका है। पाकिस्तान के भीतर और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों पर की गई यह एयर स्ट्राइक न सिर्फ सैन्य दृष्टिकोण से बड़ी उपलब्धि है, बल्कि यह रणनीतिक, कूटनीतिक और मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर भी एक स्पष्ट संदेश है।

**क्या है ऑपरेशन सिंदूर ?**

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के तहत रातोंरात 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी शिविर, कमांड और कंट्रोल सेंटर तथा हथियार भंडारण स्थान शामिल थे। इनमें सबसे प्रमुख लक्ष्य पंजाब के बहावलपुर में स्थित जैश का मुख्यालय रहा, जिसे लंबे समय से भारत के खिलाफ आतंकी हमलों की योजना और संचालन का केंद्र माना जाता रहा है।

**मसूद अजहर का बयान - आतंक पर चोट, मनोबल पर भी हमला**

ऑपरेशन सिंदूर की असली गूंज तब सुनाई दी जब जैश प्रमुख मसूद अजहर ने खुद इस हमले में अपने 10 परिजनों और चार सहयोगियों की मौत की पुष्टि की। अपने बयान में उसने कहा ङ्क अच्छा होता कि इस हमले में मैं भी मारा जाता। यह वाक्य आतंकी संगठन के मनोबल पर पड़े आघात को दर्शाने के लिए पर्याप्त है। मारे गए लोगों में उसकी बड़ी बहन, मौलाना कशफ का परिवार, मुफ्ती अब्दुल रऊफके पोते-पोतियां और अन्य परिजन शामिल हैं। यह पहला मौका है जब भारतीय सेना ने किसी आतंकी सरगना के परिवार को सीधे लक्ष्य बनाया है, जो आतंकियों के सुरक्षित रहने के मिथक को तोड़ता है।

**कूटनीतिक संदेश - अब शब्द नहीं, सिर्फ कार्रवाई**

यह ऑपरेशन आतंक के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का जमीनी रूप है। यह सिर्फ जवाबी हमला नहीं, बल्कि एक पूर्व-सक्रिय सैन्य कार्रवाई है। भारत ने यह स्पष्ट किया है कि अब सिर्फ कूटनीतिक विरोध और बयानबाजी से बात नहीं बनेगी। आतंकवाद के हर स्रोत और समर्थन तंत्र को जमीन पर खत्म किया जाएगा।

**सैन्य रणनीति में बदलाव - रक्षात्मक से आक्रामक नीति की ओर**

भारतीय सैन्य रणनीति में यह बदलाव 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोट एयरस्ट्राइक से शुरू हुआ था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के साथ यह एक संस्थागत नीति के रूप में उभर कर सामने आया है। यह स्पष्ट है कि भारतीय खुफिया एजेंसियों और सशस्त्र बलों के बीच अब बेहतर तालमेल, उच्च स्तरीय तकनीकी क्षमता और तत्काल निर्णय लेने की क्षमता विकसित हुई है।

संभावित असर

पाकिस्तान पर दबावः इस हमले से पाकिस्तान की छवि और उसकी आतंकी नीति पर बड़ा अंतरराष्ट्रीय दबाव बन सकता है, खासकर अगर भारत इसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभावी ढंग से उठाता है।

आतंकी संगठनों का मनोबल टूटेगाः मसूद अजहर जैसे आतंकी सरगना अब यह समझ चुके हैं कि उनका परिवार भी सुरक्षित नहीं, जिससे उनके भीतर असुरक्षा और भय का माहौल पैदा होगा।

अंतरराष्ट्रीय समर्थनः भारत की यह रणनीति उसे अमेरिका, फ्रांस और इजराइल जैसे देशों की आतंक विरोधी नीतियों के करीब लाती है, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जाता है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का प्रतिनिधि उदाहरण है। यह दर्शाता है कि अब भारत आतंकवाद के खिलाफ न तो रुकेगा, न झुकेगा और न ही माफ करेगा। आने वाले समय में यह नीति आतंक के सभी आकाओं के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है अब शरण कहीं नहीं मिलेगी।

# 'सवाल का सौदा' जन से विश्वासघात


**हरीश शिवनानी**

मई के पहले रविवार की सुबह बांसवाड़ा जिले के बागीदौरा के आदिवासी विधायक जयकृष्ण पटेल ने जब बिस्तर छोड़ा होगा तो उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी कि आज वो देश में एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं। इतिहास उन्होंने रचा लेकिन शर्मनाक। पटेल सुबह-सवेरे बीस लाख रुपये की घूस लेते गिरफ्तार कर लिए गए। पूरे देश मे यह अब तक का पहला मामला है जिसमें कोई विधायक घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हुआ हो। पटेल पर आरोप है कि उन्होंने करौली जिले के टोडाभीम क्षेत्र में स्थित एक सोप स्टोन खान के विषय में पूछने के लिए विधानसभा में तीन सवाल लगाए थे। गौरतलब बात यह है कि यह खनन क्षेत्र उनके विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं आता, बल्कि वहां से 600 किलोमीटर दूर है। उनके सवाल विधानसभा में टेबल नहीं हुए और इस घबराए खान मालिक रवींद्र मीणा ने विधायक से मिलकर सवाल वापस लेने की गुहार लगाई। आरोप है कि सवाल वापस लेने के बदले में विधायक पटेल ने दस करोड़ रुपये मांगे, बाद में बात ढाई करोड़ पर तय हुई। रविवार को पटेल अपने सरकारी फ्लैट वाली इमारत के बेसमेंट में कार में बैठकर घूस की पहली किस्त के बीस लाख रुपये के नोट गिन रहे थे कि पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारी वहां पहुंच गए और उनको पकड़ लिया। धुलवाने पर उनके हाथ सचमुच रंग गए। हकबकाए से पटेल को अहसास नहीं था कि खान मालिक मीणा ने इस बात की जानकारी भ्रष्टाचार निरोधक विभाग (एसीबी) को दे दी थी और वो पिछले एक महीने से एसीबी के रडार पर थे और उनकी हर गतिविधि, हर बात रिकॉर्ड हो रही थी। देश के संसदीय-विधायी इतिहास में यह तीसरा मामला है जब कोई जनप्रतिनिधि सदन में सवाल के संदर्भ में पकड़ में आया हो। इससे पहले 2005 में बहुचर्चित 'क्वेरी फॉर कैश' (सवाल के बदले पैसा) प्रकरण में 11 सांसद चर्चा में आए थे। इन सांसदों में 10 लोकसभा के और एक राज्यसभा के थे। ये सभी विभिन्न राजनीतिक दलों से थे। दूसरा मामला वर्ष 2024 में तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा का था। इन सभी सांसदों पर सवाल पूछने के बदले पैसा(क्वेरी फॉर कैश) लेने का मामला था, जबकि विधायक पटेल के खिलाफ मामला 'सवाल वापस लेने के लिए' पैसा लेने का है। डॉ. भीमराव आंबेडकर और अन्य संविधान सदस्यों ने संविधान बनाते समय यह बिलकुल नहीं सोचा होगा कि वे संविधान में जन को सर्वोपरि रखते हुए देश की सबसे बड़ी पंचायत में उसके प्रतिनिधि का जो प्रावधान कर रहे हैं, वे प्रतिनिधि अपने जन के विश्वास पर ऐसा आघात भी कर सकते हैं। ये तो वो मामले हैं जो देश के संज्ञान में आ गए हैं।

# भरथरी गायिका रेखा जलक्षत्रीय से विजय मिश्रा 'अमित' की भेंटवार्ता

## मां ने खाई चेन की मार, तोड़ न सकी भरथरी की धार-रेखा जलक्षत्रीय





छत्तीसगढ़ी लोक कलाएं लोकोन्मुखी हैं।लोक कलाओं की समृद्ध थाथी को संजोने, देश-विदेश में जनमन को परिचित कराने में अनगिनत लोक कलाकारों का योगदान है।अफसोस छत्तीसगढ़ी लोक कलाएं व्यापक व्यावसायिकता और प्रचार- प्रसार से आज भी कोसों दूर हैं। लोक कलाकारों का सीधा वास्ता नागर समाज में उत्साहजनक नहीं हैं। उक्त बातें सुप्रसिद्ध भरथरी गायिका रेखा जलक्षत्रीय ने कही।लोक कलाओं से नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग परिसर में आयोजित कार्यक्रम में रेखा जलक्षत्रीय जी से भेंट हुई। सादर शिष्टाचार उपरांत उनकी कला यात्रा की गाथा पूछने पर उन्होंने बताया - बालपन अर्थात महज दस वर्ष की उम्र से ही लोक गायन से जुड़ी हैं। सीमेंट नगरी मांढर में 14 जून 1956 में गरीब परिवार में जन्म हुआ था।उनका पारिवारिक जीवन बेहद संघर्षपूर्ण रहा है। संघर्षों से जूझते हुए ज़िद्द और लगन के बूते भरथरी गाथा की सुगंध को उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित भारत के विभिन्न प्रांतों और विदेशों में भी सुवासित किया है।

दादा मेहतर प्रसाद बने भरथरी गुरु

भरथरी गायन से जुड़ने के संबंध में रेखा जी बताई की उनके दादा श्री मेहतर प्रसाद जी भरथरी गायन में निपुण थे।उन्होंने ही उज्जैन के राजा भर्तृहरि की गाथा को सिखाया समझाया।गाथा के नौ खण्डों में समाहित बैराग, वियोग, भिक्षा,दीक्षा,विवाह आदि प्रसंग को गाया जाता है।इस विधा की प्रस्तुति के समय चिंकारा,करताल, हारमोनियम,तबला जैसे लोकवाद्यों का उपयोग होता है।ऐसा माना जाता है कि भर्तरी गायन विधा के जनक छपरा के महादेव आरा जी हैं।

अभिनय में निपुण हो भर्तृहरि गायक

भर्तृहरि गायक की खासियत को आप कैसे परिभाषित करेंगी ?पूछने पर रेखा जी बोली -भरथरी गायन के समय एक कुशल अभिनेत्री- की तरह भूमिका निभाने की नितांत आवश्यकता होती है। राजा भर्तृहरि के जीवन प्रसंगों के अनुरूप ही करुण, श्रृंगार ,वीर,हास्य, रौद्र रसों की भाव भंगिमाओं को प्रदर्शित करना होता है।एकल अभिनय (मोनो प्ले)के कलाकार की भांति ही पंडवानी, भरहरी, ढोला -मारू, आल्हा-ऊदल गाथा के गायक- गायिकाओं की भूमिका होती है। मांढर की भूमि में उपजी रेखा जी की कला देश-विदेश में कैसे-किस तरह सुवासित हुई? को बताते हुए वे बोली - मेरी कला भरथरी गायन को आगे बढ़ाने में श्री पद्मलोचन जायसवाल जी और आकाशवाणी रायपुर के सुप्रसिद्ध 'बरसाती भैया' केसरी प्रसाद वाजपेई जी की बड़ी भूमिका है। उन्होंने ही विश्व प्रसिद्ध इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ कार्यक्रम प्रस्तुत करने का अवसर दिया। वहां से शरीफ सर और आशा खरे जी ने मुझे आदिवासी लोक कला परिषद भोपाल का मंच दिलवाया। भोपाल से डॉ. भावसार तथा निर्गुणी सर ने संगीत नाटक अकादमी दिल्ली के मंच तक मुझे पहुंचाया। दिल्ली से नागपुर जोन दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश सांस्कृतिक केंद्र इलाहाबाद के बूते देश-विदेश में मैं कार्यक्रम करती रही।

*विजय मिश्रा 'अमित'*
वरिष्ठ लोक रंगकर्मी
अग्रोहा कॉलोनी पोऑ- सुंदर नगर रायपुर (छग)
492013

**मेष**

आज का दिन आपके लिए सुख साधनों मे वृद्धि लेकर आने वाला है। व्यवसाय में आप कुछ नए अनुबंध स्थापित करेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ कुछ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। आपकी किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़े बढ़ सकते हैं। पिताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं।

**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप बिजनेस में अच्छा नाम कमाएंगे और आपके अच्छे व्यवहार से आपके काफी मित्र भी बनेंगे। आप अपने व्यवसाय को लेकर कुछ बाहर के लोगों से भी बातचीत कर सकते हैं।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपके कामों से आज लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, लेकिन आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। आपकी बुद्धि से लिए गए निर्णय से आपको फायदा होगा।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। जीवनसाथी की सेहत को लेकर आपको चिंता हो सकती है। नौकरी में किसी नए पद की प्राप्ति होगी। आपको आवेश में आकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपको भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपके रुके हुए काम आसानी से पूरे होंगे। परिवार में किसी सदस्य के लिए कोई बेहतर रिश्ता आ सकता है।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आपकी कार्य कुशलता बेहतर रहेगी। आप अपने कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें। आपकी प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आप पर कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के कृपा बनी रहेगी। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान दें, जिसमें आपको आपके सहयोगी आपका पूरा साथ देंगे। आपकी संतान किसी प्रतियोगिता में अच्छी सफलता हासिल करेगी।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी से कोई बात संभलकर बोलने की आवश्यकता है और आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो उसे आगे के लिए टाल दें। आपके मित्र आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकते हैं।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती हैं। परिवार में अच्छा माहौल रहेगा। आपको अपने कामों के साथ-साथ अपनी जिम्मेदारियां को भी समय रहते पूरा करने की आवश्यकता है।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप किसी नई प्रॉपर्टी आदि की खरीदारी कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को कामों में यदि कुछ समस्याएं आ रही थी, तो वह भी दूर होंगे। आप अपने मित्रों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी कमाई के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर भी जाने की तैयारी कर सकते हैं। आपके वैवाहिक जीवन में भी खुशहाली भरपूर रहेगी।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए काफी संघर्षो से भरा रहने वाला है। आपको आपका रुका हुआ धन मिलने के लिए काफी मेहनत में करनी होगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को थोड़ी टेंशन बनी रहेगी। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। ससुराल पक्ष से आपका मान-सम्मान मिलता दिख रहा है। आपको कुछ नया काम करने का मौका मिल सकता है।

## सार समाचार

### प्रदेश में 9 वां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को छू लो आसमान कारली पहुंचकर विधायक ने दी बधाई



**दंतेवाड़ा** ,प्रतिदिन राजधानी । छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कल 10 वीं एवं 12 वीं के परिणाम की घोषणा की गयी जिसमे छू लो आसमान कन्या आवासीय विद्यालय कारली दंतेवाड़ा की छात्रा रमशिला नाग ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97.83 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में 09 वां स्थान प्राप्त किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने छू लो आसमान कन्या आवासीय विद्यालय कारली पहुंचकर छात्रा रमशीला नाग से मुलाकात कर बधाई दी एवं उत्साहवर्धन किया 7 विधायक चैतराम अटामी ने कहा यह हमारे दंतेवाड़ा जिले के लिए गौरव का विषय है। यह आपकी कड़ी मेहनत और परिश्रम का ही परिणाम हैं, आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपके माता पिता, एवं समस्त शिक्षकगण को भी हार्दिक बधाई। दंतेवाड़ा शिक्षा के क्षेत्र में अब पूरे देश विदेश में मिल का पत्थर साबित हो रहा है ।

### अपर संचालक जनसंपर्क आलोक देव को पितृशोक




रायपुर,प्रतिदिन राजधानी। जनसंपर्क संचालनालय में पदस्थ अपर संचालक आलोक देव के पिता प्रेमलाल सुखदेवे उम्र 79 वर्ष का आज डीके अस्पताल रायपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बालोद जिला स्थित उनके गृहग्राम जुंगेरा में शनिवार 10 मई को पूर्वान्ह 11 बजे किया जाएगा। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ ने प्रेमलाल सुखदेवे के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

सुषमा के स्नेहिल सृजन
बाल साहित्य-

**चिड़िया रानी**

मैं आँगन में दाना डालूँ।
पंछी सेवा सपने पालूँ।।
गेहूँ मकई जौ के दाने।
जुटे पखेरू दाना खाने।।
'सुषमा' देखो चिड़िया काली।
रची चोंच पर गहरी लाली।।
नीड़ बनाती हैं पेड़ों पर।
बतियाती रहती मेड़ों पर।।
सदा सकोरे में रख पानी।
पीने आती चिड़ियाँ रानी।।
चीं-चीं चूँ-चूँ गीत सुनाती।
हम सबके मन को बहलाती।।
रंग-बिरंगे पंख पसारे।
उड़ते-डोले पक्षी सारे।।
देख दृश्य खुश बिटिया होती।
गाती गुन-गुन धुन में खोती।।

कवयित्री सुषमा प्रेम पटेल,
रायपुर छ ग



# 10वीं-12वीं में टॉप करने वाले विद्यार्थियों का कलेक्टर-एसएसपी ने किया सम्मान

- **आप लोगों ने मजबूत नींव डाली, आगे भी सफलता हासिल करें: कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह**
- **आप बेहतर है, भविष्य में और बेहतर करेंगे: एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह**




**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने जिले के 10वीं-12वीं के मेरिट में जगह बनाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया। कलेक्टोरेट में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थी अपने माता-पिता के साथ पहुंचे थे। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने विद्यार्थियों को मेडल, प्रेरणादायी पुस्तकें और चॉकलेट दिया तथा एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने उनके माता-पिता को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि 10वीं परीक्षा में राज्य की मेरिट सूची में बी. साईं संजना और नमन कुमार ठाकुर ने छठवां, केतन साहू, खुशबू सेन और पूर्वी साहू ने आठवां, महक, योगिता वर्मा, बर्शा प्रियदर्शनी परिदा ने नौवां तथा राम सोनी, अंजलि साहू, नेहा चक्रधारी, काव्या वर्मा, दिव्या तिवारी और चित्रांश देवांगन दसवां स्थान प्राप्त किया। वहीं, 12वीं परीक्षा में राज्य की मेरिट सूची में पल्लवी वर्मा ने छठवां, धनेश्वरी यादव और रूचिका साहू ने सातवां, कीर्ति यादव, कृष्ण कुमार पंजवानी और रूचि कल्याणी ने नौवां और भूमिका देवांगन ने दसवां स्थान प्राप्त किया।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि आप सभी को बधाई, आपने मेरिट में जगह बनाई। अब आपको तय करना है कि भविष्य में आपको क्या बनना है। आज यहां बैठे सभी विद्यार्थियों को बहुत अच्छे नंबर मिले है। सभी कुछ प्वाइंट से आगे-पीछे है, आप आज यहां बैठे तो आप भविष्य में जहां चाहे अपनी जगह बना सकते है। आपने अपनी नींव मजबूत बनाई है, अब आगे भी सफलता हासिल करें। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि जिले के 10वीं-12वीं के 21 विद्यार्थियों ने मेरिट में अपनी जगह बनाई है। आपको बहुत-बहुत बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। अब आगे आपको जो विषय लेना है आप अपनी दिलचस्पी के साथ लें, कोई जोर-जबरदस्ती के साथ विषय सेलेक्ट न करें। आप सभी ने कुछ न कुछ सोच रखा होगा कि आपको भविष्य में क्या बनना है लेकिन इसमें अभी तीन से पांच साल का समय है इसलिए तनाव न लें। अपनी दिशा निर्धारित करें और टुकड़ों में योजना बनाकर उसपर काम करें। आप सभी मेहनत करते रहो, एक दिन आपको सफलता जरूर मिलेगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, जिला समन्वयक के एस पटले सहित स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### प्रयास के 13 बच्चों ने मेरिट में बनाया स्थान

# 10वीं बोर्ड के घोषित नतीजों में प्रयास के बच्चों का शानदार प्रदर्शन: परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों'' इस उक्ति को प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों ने अपनी कठिन मेहनत और लगन से आज सच कर दिखाया है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के 10वीं बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणामों में प्रयास के 13 बच्चों का मेरिट में आना निश्चित ही एक बड़ी उपलब्धि है। 10वीं बोर्ड का ओवरऑल परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा है, इसमें 98.35 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन विद्यार्थियों की सफलता पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, मंत्री श्री रामविचार नेताम सहित प्रमुख सचिव श्री सोनमणि वोरा और आयुक्त डॉ. साराशं मित्तर ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

खासकर तब, जबकि ये बच्चे बहुत ही सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं एवं अधिकतर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से संबंधित हैं। इन्होंने अपनी मेहनत, दृढ़ इच्छाशक्ति तथा विद्यालय के कड़े अनुशासन एवं अध्यापकों द्वारा दिए गए बेहतर मार्गदर्शन के बल पर बड़ी सफलता प्राप्त की है। अब इनके सपनों को मानों पखों की उड़ान मिल गई है इनमें किसी का लक्ष्य आईएएस बनने का है, तो कोई आईपीएस बनना चाहता है कोई डॉक्टर तो कोई इंजींनियर, तो कोई सीए बनना चाहता है।



टॉप 10 में जगह बनाने वाले बच्चों का कहना है कि प्रयास विद्यालय में प्रवेश से पहले इनके मन में पढ़ाई के प्रति इतना जुनून नहीं था। यहां आने के बाद विद्यालय के अच्छे वातावरण, अच्छे शिक्षकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन तथा उनके द्वारा कड़ी मेहनत के बल पर उन्होंने यह सफलता प्राप्त की है। मंत्री श्री नेताम ने इन विद्यार्थियों की सफलता पर कहा कि प्रयास विद्यालयों के अच्छे परीक्षा परिणाम, प्रतियोगी परीक्षाओं में सशक्त उम्मीदवारी के कारण अब इसकी गिनती प्रदेश के सबसे अच्छे विद्यालयों के रूप में होने लगी है। प्रयास विद्यालय में प्रवेश हेतू प्राक्कयन परीक्षा में बच्चों की लगातर बढ़ती संख्या इसका उदाहरण है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रयास विद्यालय के सफलता को देखते हुए राजनांदगांव एवं बलरामपुर में एक-एक नए प्रयास आवासीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान की है। इससे अब प्रयास विद्यालय की संख्यां बढ़कर 17 हो जाएगी। कठिन मेहनत से हासिल किया लक्ष्य - 10वीं के टॉप 10 में 13 विद्यार्थी

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में प्रयास के 13 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है। मेरिट में आने वाले छात्रों में सर्वाधिक छात्र प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, गुढ़ियारी, रायपुर से हैं। यहां की पांच छात्राओं - खुशबू सेन ने 8वां, महक चंद्रवंशी ने 9वां, अंजली साहू, नेहा चक्रधारी एवं काव्या वर्मा ने मेरिट में 10वां स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार प्रयास संयुक्त आवासीय विद्यालय, कांकेर के जतिन नरेटी ने 5वां, डेविड गावडे ने 6वां, प्रयास, अंबिकापुर की खशबू बारिक एवं दिया चौहान 10वां-10वां, जबकि प्रयास, दुर्ग के बिटटू कुशवाहा ने 9वां, प्रयास, कोरबा की कु. डिम्पल ने 10वां, प्रयास, जशपुर की स्तुती पांडे ने 8वां एवं प्रयास, बालोद की भूमिका साहू ने 10वां, इस प्रकार कुल 13 विद्यार्थियों ने टॉप टेन में जगह बनाकर विद्यालय एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि प्रयास योजना मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना का एक महत्वपूर्ण घटक है। योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सक्षम बनाकर व्यावसायिक उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश कराकर उनके जीवन में स्थयित्व प्रदान करना इस योजना का प्रमुख लक्ष्य है।

### रेल मंत्री ने की समीक्षा, दिया निर्देश- लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर करें विशेष गाड़ियों का परिचालन



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

जम्मू और चंडीगढ़ एयरपोर्ट के बंद होने के चलते जो पैसेंजर फंसे थे, उनके लिए भारतीय रेल द्वारा विशेष गाड़ियों की व्यवस्था की गई । रेल परिचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। स्थिति का पूर्ण जायजा लेने के बाद उन्होंने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों की सहायता के लिए गाड़ियों का परिचालन किया जाए। नियमित गाड़ियों के साथ-साथ आवश्यकतानुसार विशेष गाड़ियों का भी परिचालन किया जाए। रेल मंत्री के निर्देश पर दिनांक 9 मई,2025 को जम्मू तथा उधमपुर से चार विशेष गाड़ियों का परिचालन किया गया । रेलवे ने पहली विशेष गाड़ी 04612 का परिचालन जम्मू स्टेशन से सुबह 10:45 बजे किया जिसमें 12 कोच अनारक्षित श्रेणी के और 12 रिज़र्व क्लास के लगाए गए। 20 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस दिन में 12:45 बजे उधमपुर से रवाना हुई और जम्मू तथा पठानकोट के रास्ते नई दिल्ली आई। 22 एलएचबी कोच वाली विशेष गाड़ी का परिचालन संध्या 7:00 बजे जम्मू स्टेशन से किया गया।एक और वंदे भारत विशेष गाड़ी का परिचालन किया गया जो दिन में 3:30 पीएम बजे जम्मू से खुली और संध्या में नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी ।

# टीम प्रहरी निगम नगर निवेश द्वारा मुख्य मार्गो को अतिक्रमण मुक्त करवाकर यातायात सुगम बनाने कार्यवाही

### सड़क से आजाद चौक के समीप सिंघ साइकिल स्टोर से 8 साइकिलें जप्त

**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप और जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार एवं नगर निगम अपर आयुक्त पंकज के शर्मा, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं के मार्गनिर्देशन में टीम प्रहरी द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी जोनो के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रो में अभियान चलाकर यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सडक यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्यवाही व्यापक रूप से जारी है। टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम द्वारा जीईमार्ग में आजाद चौक के समीप सिंघ साइकल स्टोर द्वारा सामने सड़क पर रखी गयी 8 साइकिलें जप्त कर ली गयीं।



नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग एवं जोनो के नगर निवेश विभाग की टीमो ने यातायात पुलिस बल सहित मिलकर विभिन्न जोनो में अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही की एवं मार्गो के यातायात को सुगम बनाकर नागरिको को त्वरित राहत दिलवायी। जोन 3 नगर निवेश विभाग ने अवन्ति बाई लोधी चौक लोधीपारा के समीप मुख्य मार्ग के अवैध कब्जाधारियों को हटाने की कार्यवाही करते हुए सड़क मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त किया गया। जोन 7 एवं 10 के नगर निवेश विभाग द्वारा जोन क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गो में फ्लैक्स निकालने की कार्यवाही की गई। जोन 7 नगर निवेश विभाग ने महाराजा अग्रसेन चौक से आमापारा चौक होकर आश्रम चौक तक मुख्य मार्गो में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग मुख्यालय उड़न दस्ता ने नगर निगम जोन 2 और 7 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से जीईमार्ग में आजाद चौक तक अभियान चलाकर संयुक्त कार्यवाही की।

# गुणवत्ता आधारित चिकित्सा शिक्षा एवं सेवा व्यवस्था की ओर निर्णायक कदम

- **सचिव अमित कटारिया की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न**



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज एक उच्चस्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया ने की।

बैठक में प्रदेश में संचालित 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों एवं 3 सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालयों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इन संस्थाओं की सेवाओं की गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता तथा सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए बैठक में 10 प्रमुख एजेंडों के अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर आयुक्त चिकित्सा शिक्षा श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी, संचालक डॉ. यू. एस. पैकरा, अतिरिक्त संचालक डॉ. पुनीत गुप्ता सहित समस्त अधिष्ठाता, संयुक्त संचालक, अधीक्षक एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के अधीक्षक उपस्थित रहे। सचिव श्री कटारिया ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना को सर्वोपरि रखते हुए आमजन को समय पर विशेषज्ञ और उन्नत चिकित्सकीय सुविधा सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही, सतत निगरानी, मूल्यांकन एवं संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विशेष बल

# रायपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संरक्षा सुरक्षा के लिए सघन अभियान चलाया गया



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

9 मई 2025 को रायपुर रेल मंडल में रायपुर स्टेशन पर यात्रियों की संरक्षा सुरक्षा व्यवस्थाओं का सघन जायजा लेने के उद्देश्य से देश हित में रेल कर्मियों को आमजन से जोड़ने, यात्रियों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में सघन टिकट चेकिंग अभियान, यात्रियों की संरक्षा सुरक्षा व्यवस्था यात्रियों से सीधा संपर्क स्टेशनों पर मौजूद यात्री सुविधाओं अन्य अनियमितताओ को जानने के लिए सघन अभियान चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान में टिकट चेकिंग में ?25940 का राजस्व प्राप्त हुआ। जिसमें सहायक वाणिज्य प्रबंधक अरबिंद कुमार साव सहित फ्रंटलाइन स्टाफ टीटीई रेलवे सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग में कार्यरत वरिष्ठ प्रचारक निरीक्षक सभी मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, कार्यालय अधीक्षक अन्य सभी ऑफिस स्टाफ को भी सम्मिलित किया गया ताकि मौजूदा स्थिति में हर समस्या एवं सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

# रायपुर के 20 थानों के पुलिस अधिकारियों को eDAR का प्रशिक्षण दिया गया

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

9 मई को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात कार्यालय के प्रशिक्षण हाल में सड़क दुर्घटना प्रबंधन प्रणाली eDAR (Electronic Detailed Accident Report) और iRAD (Integrated Road Accident Database) पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिले के 20 विभिन्न थानों से 25 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। श्री संजय शर्मा, एआईजी ट्रैफिक, छत्तीसगढ़ पुलिस ने द्बन्न्ह्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि द्बन्न्ह्र ऐप के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। घायल को 7 दिनों तक ?1.50 लाख तक का मुफ्त इलाज



उपलब्ध होगा। साथ ही, गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाने वाले व्यक्ति को अब ?5000 के बजाय ?25000 की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि दुर्घटनाओं की सूचना तुरंत iRAD में दर्ज करें। श्री सारांश शिर्के, स्टेट मैनेजर, eDAR (छत्तीसगढ़) द्वारा iRAD और eDAR दोनों प्लेटफॉर्म का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने ऐप पर जाकर दुर्घटना की जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया और इसके लाभों को विस्तारपूर्वक समझाया। श्रीमती अर्चना राजपूत, जिला प्रबंधक, eDAR ने iRAD की प्रस्तुति दी और बताया कि थाना-स्तर पर प्रविष्टियाँ किस प्रकार की जाती हैं। उन्होंने सभी थानों के कर्मचारियों की IRAD आईडी भी बनवाने की प्रक्रिया पूरी करवाई।

श्री अमित देवांगन, जॉइंट डायरेक्टर, NIC ने बताया कि भविष्य में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सभी सड़क दुर्घटनाओं की प्रविष्टियाँ केवल द्बन्न्ह्र पोर्टल के माध्यम से की जाएंगी, जिससे पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा मिल सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि CCTNS (Crime and Criminal Tracking Network and Systems) को अब IRAD से जोड़ा जा चुका है, जिससे आंकड़ों का बेहतर समन्वय संभव होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों को उनके सक्रिय सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# महाराज का वो सीन करने के बाद मुझे झटका लगा... असल में उन लड़कियों पर क्या गुजरी होगी : शालिनी

## जबलपुर जैसे छोटे शहर से आकर ग्लैमर इंडस्ट्री में अपने दम पर अर्जुन रेड्डी, जयेशभाई जोरदार, महाराज जैसी बड़ी-बड़ी फिल्में करने वाली एक्ट्रेस शालिनी पांडे आज कई लड़कियों के लिए नजीर हैं।





**आपने जिस तरह जबलपुर से आकर अपने दम पर बॉलीवुड में जगह बनाई, वह लड़कियों के लिए प्रेरणा है। लड़की होने के नाते आपको समाज की कौन सी सोच परेशान करती है, जिसके खिलाफ आप लड़ी हों?**

यार, हमें रोज लड़ना पड़ता है। ऐसा कोई एक दिन नहीं होता है। मैं 21 की उम्र तक अपने घर जबलपुर में रही हूं। वहीं पढ़ी-लिखी, कॉलेज किया। वहां हर दिन मेरी एक लड़ाई होती थी, वो चाहे मेरे रिश्तेदारों से हो, किसी अजनबी से हो, कॉलेज के लोगों से हो या टीचर से और क्या होता है कि अगर छोटे शहरों में आप बेबाकी से अपनी राय रखते हैं, तो आपको एक अलग नजरिए से देखा जाता है। जब तक आप जिंदगी में कुछ कर नहीं लेते हैं, लोगों को लगता है कि आप गलत ही हैं। उनके लिए आप वो बिगड़ी हुई लड़की हैं, जो उनके बच्चों को भी बिगाड़ देगी। फिर अचानक से जैसे अब मैं उनकी नजरों में सफल हो गई हूं तो अरे, हमारी बेटी, हमारी ये-वो शुरू हो जाता है, मगर ये लड़ाई कभी खत्म नहीं होती। एक लड़की होने के नाते यह रोज का संघर्ष है। आप उस शहर से निकल गए, मगर अभी जहां काम कर रहे हैं, वहां कुछ ऐसे लोग होंगे जो आपको औरत होने के कारण नीचे गिराएंगे। ऐसी बहुत सारी चीजें है, जिनसे आप लड़ते रहते हैं। मेरा मानना है कि आपको खुद पर यकीन करना होगा कि मैं जो कर रही हूं, वो सही है। यकीन मानिए, मैं रोज ये लड़ाई लड़ती हूं कि कोई कुछ भी बोले, मुझे अपनी सोच पर डटे रहना हैं।

**आपने सही कहा, औरत-आदमी के बीच भेदभाव समाज का कड़वा सच है, इंडस्ट्री में भी यह मुद्दा उठता रहता है, आपकी इस बारे में क्या राय है?**

एक लड़की के तौर पर मैं तो यही चाहूंगी कि हमें बराबर समझा जाए। हमें बराबरी का महत्व नहीं मिलना दिल तोड़ने वाला है, पर मेरा दिल तब ज्यादा दुखता है, जब औरतें ही औरतों के पीछे पड़ जाती हैं। मेरा मानना है कि हमें एक-दूसरे को सपोर्ट करना है, क्योंकि यह सालों की लड़ाई है, जो हमें आगे भी लड़नी है। ऐसा नहीं है कि अब सब ठीक हो गया है। बहुत सी औरतों ने पहले यह लड़ाई लड़ी है, जिसकी वजह से आज हम कम से कम अपनी आवाज उठा पा रहे हैं। लेकिन हमें आगे भी बहुत लड़ाई लड़नी है, तो हमें ये समझना होगा कि हम औरतें एक टीम हैं। हम एक दूसरे के खिलाफ नहीं हैं। आपको खुद आगे बढ़ना है और दूसरी औरतों को भी आगे बढ़ाना है। उन्हें नीचे नहीं गिराना है, क्योंकि कई बार ऐसा होता है कि औरतों को लड़वाया जाता है और वे लड़ती भी हैं, मगर जब वे एक-दूसरे से इनसिक्योर नहीं होंगी। एक दूसरे को सपोर्ट करेंगी ना, तो हम आधी लड़ाई वैसे ही जीत जाएंगे। अगर हम सिस्टरहुड की बात सोचें तो यह बहुत आसान हो जाएगा।

**फिल्म जगत में भी कभी एक्ट्रेसेज के बीच कैटफाइट की खबरें आम रही हैं, पर अब उनमें एक सिस्टरहुड देखने को मिल रही है। सीरीज डब्बा कार्टेल में शबाना आजमी, ज्योतिका, सई, अंजलि जैसी गर्ल गैंग के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?**

बहुत अच्छा अनुभव रहा। खासकर शबाना मैम के बारे में तो जितना कहूं, कम होगा। मेरे लिए सिस्टरहुड बहुत जरूरी है। वह सेट पर हो या निजी लाइफ में, अपनी गर्लफ्रेंड्स के साथ बात करना एक अलग ही लेवल की थेरेपी होती है। रही बात कैट फाइट की, तो मैं इसमें यकीन नहीं करती। यह जेंडर से जुड़ी चीज नहीं है। यह इंसानी फितरत है। लोग या तो खराब होते हैं या नहीं होते हैं। वे इनसिक्योर होते हैं या नहीं होते हैं और यह चीज मर्द-औरत दोनों में हो सकती है। सिर्फ लड़कियां इनसिक्योर नहीं होती, लड़के भी बहुत होते हैं और मैंने वो देखा है। ये कैट फाइट का बहुत फालतू का हल्ला मचाया जाता है। मैंने ऐसे बहुत जगहों पर काम किया है, जहां लड़के बहुत इनसिक्योर थे, तो यह इंसान की बात है, जेंडर की नहीं।

**फिल्म महाराज में किशोरी के किरदार के लिए आपको सराहा गया, पर सुना है कि फिल्म में इंटिमेट सीन करके आपको काफी अजीब महसूस हुआ था। कितना चैलेंजिंग था वह**

निश्चित तौर पर बहुत चैलेंजिंग रोल था, क्योंकि उसमें बहुत सारे लेयर हैं। बतौर ऐक्टर मेरी कोशिश ये होती है कि ईमानदारी से अपना किरदार निभाऊं। अपनी निजी सोच और नैतिकता हटाकर उस पर भरोसा करूं, उसे समझूं, पर उस समयकाल में जाकर उस लड़की की अंधभक्ति को समझना मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था। उस सीन में मुझे सहज करने में मेरे निर्देशक सिद्धार्थ पी मल्होत्रा, राइटर स्नेहा, डीओपी राजीव सर, सबका योगदान रहा, क्योंकि आप किस तरह शूट करते हैं, किस नजरिए से दिखाते हैं, वह बहुत मायने रखता है। मगर वो सीन करते वक्त मुझे उसकी इंटेंसिटी पता चली कि ओह माई गॉड, वे लड़कियां इस चीज से गुजरी होंगी। वो सीन करने के बाद मुझे झटका लगा था क्योंकि तब मुझे समझ में आया कि हम तो ऐक्टिंग कर रहे हैं, मगर जब यह असल में हुआ होगा तब उन लड़कियों पर क्या गुजरी होगी और अभी भी ऐसी चीजें कहीं ना कहीं होती होंगी। हमें अपने बड़े शहरों में रहते हुए यह अहसास नहीं होता पर मैं ये सोचकर सिहर जाती हूं कि अभी भी इंडिया में कहीं न कहीं ऐसा हो रहा होगा।

# सामंथा ने निर्देशक राज निदिमोरु संग किया रिश्ता कन्फर्म!

## सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने शेयर कीं तस्वीरें, कैप्शन दिया- नई शुरुआत

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका नाम निर्देशक राज निदिमोरू के साथ जोड़ा जा रहा है। इस बीच सामंथा ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें राज निदिमोरु भी नजर आ रहे हैं। इसके बाद से ही यूजर्स का दावा है कि दोनों ने अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। दरअसल, यह तस्वीरें सामंथा रुथ प्रभु ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। तस्वीरों में राज मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं और एक डॉगी उनके साथ खेल रहा है। जबकि दूसरी तस्वीर में सामंथा और राज एक साथ सेल्फी के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, 'सफर लंबा था, लेकिन आखिरकार हम यहां तक पहुंच ही गए । एक नई शुरुआत।' सामंथा की पोस्ट देखने के बाद फैंस काफी खुश हैं। कई लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। तो कुछ का कहना है कि एक्ट्रेस अब धीरे-धीरे अपना रिश्ता कन्फर्म कर रही हैं।



### कैसे शुरू हुई रिलेशनशिप की खबरें

सामंथा और राज निदिमोरु साथ में द फैमिली मैन और सिटाडेल: हनी बनी जैसे प्रोजेक्ट्स में काम कर चुके हैं। दोनों को पिकलबॉल टीम चेन्नई सुपर चैंप्स के साथ भी देखा गया था। इसके बाद से ही उनके रिश्ते को लेकर खबरें आने लगी थीं। हालांकि, अब तक दोनों ने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### कौन है राज निदिमोरु?

राज निदिमोरु, राज और डीके की जोड़ी का हिस्सा हैं। उनकी शादी श्यामाली डे से हो चुकी है, जोकि एसोसिएट डायरेक्टर हैं। उनकी एक बेटी भी है।

### फिल्म शुभम के प्रमोशन में बिजी सामंथा

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्म शुभम का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं। यह बतौर प्रोड्यूसर उनकी पहली फिल्म होगी। इसी की तस्वीरें उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। यह फिल्म 9 मई को रिलीज होने वाली है।

# सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी राजकुमार राव की फिल्म

राजकुमार राव और वामिका गब्बी की फिल्म भूल चूक माफ की रिलीज टाल दी गई है। इतना ही नहीं यह फिल्म पहले सिनेमाघरों में आने वाली थी, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनावपूर्ण हालात को देखते हुए अब इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने का फैसला लिया गया है। इसी के साथ फिल्म केसरी वीर की रिलीज डेट भी आगे बढ़ा दी गई है। राजकुमार राव और वामिका गब्बी ने अपनी फिल्म भूल चूक माफ की रिलीज टलने की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए शेयर की है। उन्होंने बताया कि हाल की घटनाओं और देशभर में बढ़ी सुरक्षा सतर्कता को ध्यान में रखते हुए, मैडॉक फिल्म्स और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने के बजाय सीधे ओटीटी पर लाने का निर्णय लिया है। उनके अनुसार, यह फैसला राष्ट्र की भावना का सम्मान करते हुए लिया गया है, क्योंकि देशहित सर्वोपरि है। अब यह फिल्म 16 मई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। जय हिंद। फिल्म केसरी वीर की रिलीज डेट को भी बदल दिया गया है। पहले यह फिल्म 16 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज टाल दी है। इसकी जानकारी खुद मेकर्स ने सोशल मीडिया पर दी। उन्होंने बताया कि यह फिल्म अब 23 मई को सिनेमाघरों पर रिलीज होगी। हालांकि, निर्माताओं ने फिल्म को टालने का कारण नहीं बताया है।

# कॉन्सर्ट विवाद में सोनू निगम का माफीनामा बेअसर....

## अपकमिंग कन्नड़ फिल्म से हटाया गया गाना, अब दूसरे सिंगर करेंगे री-रिकॉर्ड



एक अपकमिंग कन्नड़ फिल्म से सोनू निगम के गाने को हटा दिया है। सोनू निगम द्वारा गाए गए गाने को किसी दूसरे सिंगर को दोबारा रिकार्ड करने के लिए बुलाया गया है। साथ ही फिल्म के प्रोड्यूसर ने सोनू के साथ आगे कोई काम न करने का ऐलान किया है। सोनू निगम इन दिनों कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के गुस्से का सामना कर रहे हैं। बेंगलुरु में हुए एक कॉन्सर्ट के दौरान सोनू के बयान से विवाद खड़ा हो गया। सोनू निगम बेंगलुरु के ईस्ट पॉइंट इंजीनियरिंग कॉलेज में परफॉर्म कर रहे थे। एक फैन ने जोर देकर कन्नड़ गाने की मांग की, जिस पर सोनू ने गाना रोकते हुए कहा कि इसी तरह की सोच से पहलगाम जैसी घटनाएं होती हैं। इस बयान से विवाद खड़ा हो गया है।इसके बाद से सोशल मीडिया पर और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में उनका विरोध शुरू हो गया। हालांकि सोनू निगम ने माफी भी मांगी, लेकिन तब तक बात बिगड़ चुकी थी। कन्नड़ फिल्म 'कुलदाल्ली कील्यावुडो' से उनका गाना 'मनसु हाड्टाडे' हटा दिया गया है। कन्नड़ फिल्म कुलादल्ली कील्यावुडो 23 मई को रिलीज होगी। इस फिल्म में सोनू निगम ने करीब तीन महीने पहले गाना गाया था। इसे 5 अप्रैल को उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया। गाने का योगराज भट ने लिखा और मनोमूर्ति ने कंपोज किया था।

### सोनू निगम के साथ काम नहीं करेंगे प्रोड्यूसर

फिल्म के मेकर्स ने एक प्रेस नोट जारी कर कहा, सोनू निगम अच्छे गायक हैं, इसमें कोई शक नहीं, लेकिन उन्होंने हाल ही में कन्नड़ को लेकर जो कहा, उससे हम बहुत आहत हैं। हम कन्नड़ का अपमान सहन नहीं कर सकते, इसलिए उनका गाना फिल्म से हटा दिया गया है। अब इस गाने को कन्नड़ गायक चेतन से दोबारा रिकॉर्ड करवाने के लिए बुलाया गया है। साथ ही फिल्म के प्रोड्यूसर संतोष कुमार ने साफ कह दिया है कि वो आगे कभी भी सोनू निगम के साथ काम नहीं करेंगे।

### क्या है पूरा विवाद

सोनू ने हाल ही में बैंगलोर के एक कॉलेज में परफॉर्मेंस दी थी। सिंगर अपने आइकॉनिक हिंदी गाने गा रहे थे, इसी बीच एक फैन जोर-जोर से चिल्लाते हुए कन्नड़-कन्नड़ बोलने लगा। ये सुनते ही सोनू निगम ने अपनी परफॉर्मेंस बीच में ही रोक दी और लड़के को जमकर फटकार लगाई। फैन को फटकार लगाते हुए सोनू ने कहा, मुझे अच्छा नहीं लगा कि वहां पर एक लड़का, जिसकी उम्र उतनी नहीं होगी, जितने सालों से मैं कन्नड़ गाने गा रहा हूं। ये कितना रूड था कि वो भीड़ से चिल्ला रहा था- कन्नड़-कन्नड़। यही कारण है, पहलगाम में जो हुआ है न, यही कारण है, ये जो तुम कर रहे हो न यहां पर।

### सोनू निगम के खिलाफ हुई थी एफआईआर दर्ज

इसके बाद सिंगर सोनू निगम पर कन्नड़ समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई। सिंगर के खिलाफ बेंगलुरु के अवलाहल्ली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। वहीं, मामला बढ़ता देख सोनू निगम ने इस पर भी अपनी सफाई भी दी। उन्होंने कहा था, 'प्यार से बात करने और धमकाने में फर्क होता है। वहां पर सिर्फ चार-पांच ही गुंड़े टाइप के थे, जो वहां पर चिल्ला रहे थे। वहां मौजूद हजारों लोग उन्हें मना भी कर रहे थे। मुझे याद है कि लड़कियां भी उन पर चिल्ला रही थीं। उन्हें रोक रही थीं कि ऐसा मत करो। उन पांचों को याद दिलाना बहुत जरूरी था कि पहलगाम में भाषा पूछकर पैंट नहीं उतारी गई थी। कन्नड़ के लोग बहुत प्यारे होते हैं। आप लोग ये मत सोचिए कि वहां पर ऐसी कोई वेव चल रही थी।

### कन्नड़ इंडस्ट्री ने किया बैन लगाने का ऐलान किया था

5 मई को कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक बैठक हुई, जिसमें सोनू निगम को बैन करने का फैसला लिया गया। बैठक में तय हुआ कि जब तक सोनू निगम इस मुद्दे पर माफी नहीं मांग लेते, तब तक उन्हें कन्नड़ इंडस्ट्री में कोई काम नहीं दिया जाएगा।

### विवाद बढ़ने पर सोनू निगम ने माफी मांगी थी-

कन्नड़ इंडस्ट्री से बैन लगने का ऐलान होने के बाद सिंगर ने सोशल मीडिया के जरिए माफी मांग ली थी। सोनू निगम ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा , सॉरी कर्नाटक, आपके लिए मेरा प्यार, मेरे ईगो से ज्यादा बड़ा है। हमेशा प्यार।

# अनुष्का ने विराट को किया इग्नोर..!



## वायरल वीडियो देखने के बाद यूजर्स का दावा, बोले- अवनीत की फोटो लाइक करने पर भाभी गुस्सा हैं

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस कार से उतरते हुए नजर आ रही हैं। लेकिन जैसे ही विराट ने उन्हें हाथ दिया तो वह बिना उनका सहारा लिए कार से उतर गईं। इसके बाद से यूजर्स इस वीडियो पर जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। उनका कहना है कि अवनीत की फोटो लाइक करने पर एक्ट्रेस गुस्सा हैं।

वीडियो में सबसे पहले विराट कोहली को कार से उतरते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद जब अनुष्का शर्मा कार से उतर रही थीं, तो विराट ने उनकी ओर हाथ बढ़ाया। हालांकि, अनुष्का बिना उनका हाथ पकड़े ही खुद कार से उतर गईं। इसके बाद दोनों एक रेस्टोरेंट की ओर जाते हुए नजर आते हैं। यह वीडियो बेंगलुरु का बताया जा रहा है। जैसे ही यह वीडियो सामने आया तो इसमें यूजर्स अपना रिएक्शन देने लगे। एक ने लिखा, 'लगता है लाइक के बाद अनुष्का नाराज हो गई हैं।', दूसरे ने लिखा, 'बेचारा विराट।', तीसरे ने लिखा, 'अब एल्गोरिदम समझाएगी भाभी जी चीकू भैया को।', चौथे ने लिखा, 'अवनीत कौर के कांड के बाद भाभी गुस्सा है।' इसके अलावा कई युजर्स ने अनुष्का की साइड लेते हुए कहा कि 5 सेकंड की क्लिप से लोग अनुष्का को बुरा भला कह रहे हैं।

### राहुल वैद्य ने विराट को बताया था जोकर

सिंगर राहुल वैद्य ने विराट-अवनीत कंट्रोवर्सी पर इंस्टाग्राम पर एक मजाकिया वीडियो पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने कोहली पर तंज कसते हुए कहा, 'मैं कहना चाहता हूं कि आज के बाद एल्गोरिदम बहुत सारे फोटो लाइक कर देगा जो मैंने नहीं किए हैं। तो जो भी लड़की हो, प्लीज इसे लेकर पीआर न करें। ये मेरी गलती नहीं है, इंस्टाग्राम की गलती है।' राहुल आगे कहते हैं, विराट कोहली ने मुझे ब्लॉक किया है। तो शायद ये भी इंस्टाग्राम की ग्लिच होगी। विराट कोहली ने ब्लॉक नहीं किया होगा। इंस्टाग्राम के एल्गोरिदम ने कहा होगा कि मैं तुम्हारे बिहाफ पर राहुल वैद्य को ब्लॉक कर देता हूं।' इसके अलावा राहुल ने विराट और उनके फैंस को जोकर भी बताया, जिसके बाद से ही उन्हें सोशल मीडिया पर काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, अब क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने भी राहुल वैद्य को इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया है।

### विराट ने की थी अवनीत की पोस्ट लाइक

*विराट कोहली ने हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर की एक पोस्ट को लाइक किया था। हालांकि, थोड़ी ही देर बाद विराट ने उस लाइक को हटा दिया था। लेकिन इसी बीच विराट के लाइक का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। लेकिन विराट ने इस मामले में सफाई देते हुए कहा था कि फीड क्लियर करते समय ऐसा लगता है कि एल्गोरिदम ने गलती से कोई इंटरैक्शन रजिस्टर कर लिया है। इसके पीछे मेरा कोई इरादा नहीं था। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि कृपया बेवजह कोई भी बातें नहीं बनाएं। समझने के लिए धन्यवाद।*

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 10, अप्रैल 2025

## सार-समाचार

### पीसीएल 2025 के बचे हुए मुकाबले यूएई शिफ्ट



**एजेंसी,** नई दिल्ली । पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 10वें संस्करण के बचे हुए आठ मुकाबले अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जाएंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने यह अहम फैसला लिया है। पीसीबी ने एक आधिकारिक बयान में कहा है कि शेष मुकाबलों की तारीख और स्थान की घोषणा जल्द की जाएगी। गुरुवार को कराची किंग्स और पेशावर ज़ल्मी के बीच रावलपिंडी स्टेडियम में मुकाबला होना था, लेकिन एक ड्रोन के स्टेडियम परिसर में गिरने के बाद आपात बैठक बुलाकर मैच को स्थगित कर दिया गया। इस बैठक में पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नक़्वी और लीग में शामिल विदेशी खिलाड़ियों के बीच चर्चा हुई, जिसमें अधिकांश विदेशी खिलाड़ियों ने लीग को यूएई शिफ्ट करने की मांग की। यह पहली बार नहीं है जब पीसीएल को यूएई में कराना पड़ा हो। लीग की शुरुआत 2016 में यूएई से हुई थी और शुरुआती दो सीजन वहीं खेले गए थे। इसके बाद 2021 में कोविड के कारण भी कुछ मुकाबले यूएई में हुए थे। अब एक बार फिर लीग को सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान से बाहर शिफ्ट किया गया है। पीसीएल के बाद पाकिस्तान को 21 मई को बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी 20 सीरीज़ की मेज़बानी करनी थी। पहला मुकाबला 25 मई को फैसलाबाद में खेला जाना था, लेकिन अब लीग के शेड्यूल में बदलाव होने से इस सीरीज़ पर भी असर पड़ सकता है।

# भारत-पाकिस्तान की लड़ाई के बीच एशिया कप-2025 पर मंडराए संकट के बादल




**एजेंसी,नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने युद्ध जैसे हालात बना दिए हैं। इस बीच बीसीसीआई ने बड़ा फैसला करते हुए आईपीएल-2025 को बीच में ही रोक दिया। बीसीसीआई ने शुक्रवार को ये फैसला किया। दोनों ही देशों के बीच अब स्थिति काफी खराब है और रिश्ते सुधरने की स्थिति में तो बिल्कुल नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में सवाल ये है कि क्या इसी साल सितंबर में होने वाला एशिया कप टूर्नामेंट खेला जाएगा या नहीं?

हालात को देखते हुए इस टूर्नामेंट पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। भारत को सितंबर में इस टूर्नामेंट का आयोजन करना है। यूं तो भारत लंबे समय से पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेल रहा है। ये दोनों देश सिर्फ एशिया कप और आईसीसी टूर्नामेंट में ही आपस में खेलते हैं।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा काफी ज्यादा है। इस हमले के बाद से ही भारत के कई पूर्व क्रिकेटरों ने पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह के क्रिकेट मैच न खेलने की बात कही थी। भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर ने इस संबंध में कहा था कि जब तक आतंकवाद खत्म नहीं हो जाता तब तक भारत और पाकिस्तान के बीच कुछ भी नहीं होना चाहिए, चाहे वो क्रिकेट मैच हो या बॉलीवुड या कुछ और।

पाकिस्तान ने इसी साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था। टीम इंडिया ने अपने सभी मैच दुबई में खेले थे। कुछ यही हाल एशिया कप में होना था और पाकिस्तान को अपने सभी मैच किसी और देश में खेलने थे, लेकिन अब जो हालात बने हैं उसके बाद लगता नहीं है कि भारत और पाकिस्तान की टीमें किसी तरह का क्रिकेट मैच खेलेंगे। ऐसे में एशिया कप पर भी रद्द होने का खतरा मंडरा रहा है।

### बीसीसीआई पर नजरें

ऐसे में सभी की नजरें बीसीसीआई पर हैं कि वह क्या फैसला करता है? हालात को देखते हुए ये मुश्किल लग रहा है कि दोनों टीमें किसी भी टूर्नामेंट में मैच खेलें। हालांकि, इस मामले में बीसीसीआई भारतीय सरकार से भी सलाह ले सकता है और उसके दिशा निर्देश अनुसार फैसला कर सकता है। अभी एशिया कप-2025 में तीन महीने से ज्यादा का समय बाकी है, लेकिन इस बारे में विचार जल्दी किया जा सकता है।

# 7 टीमों के बीच अब भी प्लेऑफ की जंग




**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 को 7 दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के कारण बीसीसीआई ने शुक्रवार को यह फैसला लिया। बोर्ड की ओर से कहा गया कि हालात नॉर्मल होने पर नया शेड्यूल जारी किया जाएगा। आईपीएल के 18वें सीजन में अब तक 58 मुकाबले खेले जा चुके हैं। ऐसे में 16 मुकाबले अभी खेले जाने हैं। इनमें लीग स्टेज के 12 मैच हैं। ढ्ढक्क2025 में कुल 74 मुकाबले होने थे। इस बीच आइए जानते हैं कि प्लेऑफ का समीकरण क्या कहता है।

### 3 टीमे हो चुकी हैं एलिमिनेट

58 मैच के बाद 3 टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई हैं। साथ ही 7 टीमें अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में शामिल हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद 18वें सीजन से एलिमिनेट हो चुकी हैं। चेन्नई और राजस्थान ने 12-12 मैच खेले हैं और 3-3 में जीत दर्ज की है। वहीं सनराइजर्स हैदरबाद ने 11 में से 3 मुकाबलों पर कब्जा जमाया है। भले ही इन टीमों का प्लेऑफ खेलने का सपना चूर हो पर यह अन्य टीमों का काम खराब कर सकती हैं।

### 7 टीम प्लेऑफ में जगह बना सकती हैं

7 टीम अभी भी प्लेऑफ में जगह बना सकती हैं। इनमें गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंज बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइटराइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स शामिल हैं। गुजरात टाइटंस ने अब तक 11 मैच खेलकर 8 में जीत प्राप्त की है। 16 अंकों के साथ टीम टॉप पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी 11 में से 8 मैच जीते हैं और टीम दूसरे नंबर पर है। पंजाब ने 11 में 7 मैच अपने नाम किए हैं। 3 में उन्हें हार मिली है और 1 मैच बेनतीजा रहा। 12 में से 7 मैच जीतने वाली मुंबई इंडियंस चौथे, 11 में से 6 मैच जीत चुकी दिल्ली 5वें नंबर पर है। कोलकाता 12 में से 5 और लखनऊ सुपर जायंट्स 11 में से 5 मैच जीत पाई है।

### गुजरात-आरसीबी के 16-16 अंक

आईपीएल में आमतौर पर 16 प्वाइंट्स में टीम प्लेऑफ में जगह बना लेती हैं। ऐसे में गुजरात और बेंगलुरु की जगह लगभग तय नजर आ रही है। पंजाब और मुंबई भी लगभग 1-1 जीत दूर दिख रही हैं। दिल्ली को अपने बचे हुए 3 में से 2 मैच जीतने होंगे। कोलकाता के 2 मैच बचे हैं और उनके 11 अंक हैं। अपने दोनों मैच जीतने के बाद भी कोलकाता को भाग्य के सहारे रहना होगा। जहां अन्य टीमों 18-20 अंक तक पहुंच सकती हैं, ऐसे में 15 प्वाइंट पर क्वालिफिकेशन काफी मुश्किल है। लखनऊ 11 मैच में 5 जीत चुकी है और उनके 10 अंक हैं। अगले 3 मैच में जीत लखनऊ को 16 अंक तक पहुंचा सकी है।

### शुकरी कॉनराड दक्षिण अफ्रीका पुरुष क्रिकेट टीम का ऑल-फॉर्मेट कोच नियुक्त

**एजेंसी,नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीकी पुरुष क्रिकेट टीम के कोच शुकरी कॉनराड को अब क्रिकेट के तीनों प्रारूप के लिए टीम का कोच नियुक्त कर दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को प्रोटियाज पुरुष टीम के सभी प्रारूपों के मुख्य कोच के रूप में शुकरी कॉनराड की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। बोर्ड ने आगे कहा कि जनवरी 2023 से टेस्ट टीम की अगुआई कर रहे कॉनराड अब जुलाई में जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला से शुरू होने वाले सफेद गेंद के प्रारूपों की कमान संभालेंगे। 58 वर्षीय कॉनराड आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 तक सभी प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम की देखरेख करेंगे, जिसकी मेजबानी घरेलू धरती पर की जाएगी। कॉनराड रॉब वाल्टर की जगह लेंगे, जिनका व्हाइट-बॉल की भूमिका से इस्तीफा अप्रैल के अंत में प्रभावी हो

# हार्दिक, मनप्रीत और हरमनप्रीत ने मेरी काफी मदद की : मिडफील्डर राजिंदर सिंह





**एजेंसी,बेंगलुरु**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा मिडफील्डर राजिंदर सिंह ने अक्टूबर 2024 में जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की सीरीज़ से सीनियर टीम में कदम रखा था। अब आठ महीने बाद, वह टीम के मुख्य खिलाड़ियों में से एक बन चुके हैं। वर्तमान में वह बेंगलुरु स्थित साई केंद्र में चल रहे सीनियर नेशनल कैंप में आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 के यूरोप चरण की तैयारियों में जुटे हुए हैं। कैंप की तैयारी पर बात करते हुए राजिंदर ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, तैयारियां काफी अच्छी चल रही हैं। कुछ खिलाड़ी फिटनेस पर ज्यादा काम कर रहे हैं, तो कुछ स्टिक और बॉल स्किल्स पर। इस बार दोनों पर समान फोकस है। इससे पहले जो कैंप हुआ था, उसमें पूरी तरह फिटनेस पर ध्यान दिया गया था। भारत ने एफआईएच प्रो लीग 2024/25 के घरेलू चरण में भुवनेश्वर में आठ मुकाबलों में से पांच जीते और 15 अंक अर्जित किए। टीम फिलहाल अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है। स्पेन, जर्मनी और इंग्लैंड से हार झेलने के बाद भारतीय टीम ने इन सभी टीमों को रिवर्स फिक्स्चर में हराया।

राजिंदर ने प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा, भुवनेश्वर में हमारे कुछ मैचों में उतार-चढ़ाव जरूर रहे, लेकिन उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। हम अभी भी उन मैचों के वीडियो सेशन कर रहे हैं ताकि यूरोप लेग की तैयारियों में कोई कमी न रह जाए। उन्होंने आगे कहा,उस चरण में हमने देखा कि हम सर्कल में एंट्री तो कर रहे थे, लेकिन गोल नहीं कर पा रहे थे। इस समय हम सर्कल के अंदर के खेल पर खासा ध्यान दे रहे हैं ताकि फील्ड गोल को ज्यादा से ज्यादा बदला जा सके और पेनल्टी कॉर्नर पर निर्भरता कम हो। 22 वर्षीय राजिंदर हरियाणा से हैं और जूनियर टीम के लिए सुल्तान जोहोर कप 2022 और जूनियर एशिया कप 2023 जैसे टूर्नामेंट जीत चुके हैं। सीनियर खिलाड़ियों के साथ खेलने के अनुभव पर उन्होंने कहा, सीनियर खिलाड़ियों से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। वे जब भी हमसे कोई गलती होती है।

### पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा के बीच जालंधर से ट्रेन से किया रवाना



**एजेंसी,धर्मशाला**

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बने युद्ध के हालातों के चलते धर्मशाला में वीरवार बीती रात पंजाब और दिल्ली के बीच आईपीएल मैच को एकाएक बीच में रोक कर रद्द करने के बाद शुक्रवार सुबह दोनों टीमों सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को जालंधर से ट्रेन के माध्यम से दिल्ली के लिए रवाना किया। सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा कर्मियों के कड़े पहरे में गाड़ियों के माध्यम से दोनों टीम के खिलाड़ियों को कांगड़ा पुलिस ने पंजाब की सीमा होशियारपुर तक छोड़ा। उसके बाद पंजाब पुलिस ने सुरक्षा का जिम्मा उठाते हुए इन्हें जालंधर रेलवे स्टेशन तक पंहुचाया। गौर हो कि युद्ध के हालात के चलते कांगड़ा का गगल एयरपोर्ट भी बंद कर सेना के हवाले कर दिया गया है।

एएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि शुक्रवार सुबह सभी टीम के खिलाड़ियों सहित अन्य स्टाफ और ब्रॉडकास्ट सदस्यों को धर्मशाला से करीब 40 से 50 छोटे वाहनों के जरिये पंजाब की सीमा होशियारपुर तक कड़ी सुरक्षा के बीच छोड़ा गया। वहां से आगे पंजाब पुलिस ने उन्हें जालन्धर रेलवे स्टेशन पंहुचाया। जालंधर से विशेष ट्रेन के माध्यम से उन्हें दिल्ली के लिए रवाना किया गया। गौरतलब है कि भारत पाकिस्तान के बीच बीती रात हुए दरों व मिसाइल हमलों के चलते धर्मशाला में पंजाब और दिल्ली के बीच खेले गए मैच को बीच मे ही रोकना पड़ी था। अचानक मैच रुकने के बाद पुलिस कर्मियों ने महज 20 मिनट में ही स्टेडियम को खाली करवा दिया और सभी दर्शकों को जल्द स्टेडियम से बाहर जाने को कहा। वहीं इससे पूर्व धर्मशाला में रात नौ बजकर 28 मिनट पर पंजाब किंग्स-दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच के दौरान ब्लैकआऊट कर दिया गया और मैदान में लगी फ्लड लाइट्स को एक के बाद एक को बंद करवा दिया गया।

# जेसन रॉय की रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी, काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए खेलेंगे

**एजेंसी,लंदन**

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज़ जेसन रॉय एक बार फिर रेड-बॉल क्रिकेट में उतरने के लिए तैयार हैं। उन्हें इस हफ्ते वारविकशायर के खिलाफ एजबेस्टन में होने वाले काउंटी चैंपियनशिप मुकाबले के लिए सरे की टीम में शामिल किया गया है। 34 वर्षीय रॉय ने अब तक 87 रेड-बॉल मैचों में 36.46 की औसत से 9 शतक लगाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 143 (लंकाशर के खिलाफ 2015) है। हालांकि, उन्होंने आखिरी बार 2020 की कोविड प्रभावित गर्मियों में बॉब विलिस ट्रॉफी में हैम्पशायर के खिलाफ यह फॉर्मेट खेला था। 2019 विश्व कप में इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद रॉय को टेस्ट टीम में मौका मिला था। उन्होंने आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट खेले लेकिन आठ पारियों में महज 13.75 की औसत से रन बना सके। ऑस्ट्रेलियाई पेस अटैक के सामने उनकी तकनीक नाकाम साबित हुई और आखिरकार उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। रॉय की वापसी उनके टी20 करियर की घटती चमक को भी दर्शाती है। 2023 में भारत में हुए वनडे विश्व कप में उन्हें इंग्लैंड की टीम से बाहर रखा गया था और इस साल के आईपीएल के लिए भी उन्हें नहीं चुना गया। वह 2020,




2022 और 2024 में निजी कारणों से आईपीएल से हट चुके हैं। आखिरी बार उन्होंने मार्च 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे खेला था। सरे टीम को इस मुकाबले में ओली पोप, जेमी स्मिथ और गस एटकिंसन जैसे ईसीबी-कॉन्ट्रैक्टेड खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी झेलनी पड़ेगी, जिन्हें ज़िम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टेस्ट से पहले आराम दिया गया है। ऐसे में जेसन रॉय को मौका मिला है। डिवीजन वन तालिका में सरे फिलहाल तीसरे स्थान पर है, जबकि वारविकशायर दूसरे और नॉटिंघमशायर पहले नंबर पर है। पिछली बार सरे ने समरसेट को तीन दिन में हराकर लय हासिल की है। टीम को इस मैच में अपने विदेशी खिलाड़ियों नाथन स्मिथ और कर्टिस पैटरसन से मजबूती से मिली है, साथ ही तेज गेंदबाज़ टॉम लॉज़ भी इस सीज़न पहली बार टीम में लौटे हैं।

### नीरज चोपड़ा ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2025 में लेंगे हिस्सा, दो बार चोट के कारण रह चुके हैं बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा इस साल 24 जून को चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा शहर में होने वाले गोल्डन स्पाइक 2025 एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लेंगे। इससे पहले वह 2023 और 2024 के संस्करणों से चोट के चलते हट गए थे, लेकिन इस बार वह तीसरी बार में किस्मत आजमाने उतरेंगे।

दो बार नहीं खेल पाए, अब कोच के देश में दिखेगा जलवा

टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा पिछले दो वर्षों में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सके थे, हालांकि वह 2024 में विशेष अतिथि के रूप में वहां मौजूद रहे थे। इस बार यह मुकाबला खास इसलिए भी होगा क्योंकि यह उनके दिग्गज कोच और पूर्व विश्व चैंपियन




जान ज़ेलेज़्नी के होमग्राउंड पर खेला जाएगा। ज़ेलेज़्नी खुद इस टूर्नामेंट के निदेशक भी हैं। नीरज ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं यह घोषणा करते हुए उत्साहित हूं कि मैं इस साल ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक मीट में हिस्सा लूंगा। यह एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता है और इस बार यह और भी खास होगी। मेरे कोच जान ज़ेलेज़्नी ने यहां कई बार जीत दर्ज की है और अब वह टूर्नामेंट के निदेशक भी हैं।

# रोहित शर्मा, बुमराह और सूर्यकुमार यादव ने भारतीय सेना को किया सलाम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच भारतीय क्रिकेटर्स रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह ओर सूर्यकुमार यादव ने भारतीय सेना की बहादुरी और समर्पण को सलाम किया है। तीनों खिलाड़ियों ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जवानों के साहस और देश की रक्षा में उनकी भूमिका की सराहना की। भारतीय तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह ने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर लिखा, हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी और साहस के लिए आभार। हम उन्हें सलाम करते हैं और हमेशा उनके ऋणी रहेंगे, जो हमें सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं।




वहीं, स्टार बल्लेबाज़ सूर्यकुमार यादव ने लिखा,हमारी सेनाओं पर बेहद गर्व है और उनके साहस व संयम को सलाम। आप ही हैं जिनकी वजह से हम अपने घरों में सुरक्षित हैं। सीमाओं पर आपकी शक्ति और समर्पण को नमन। जय हिंद! इस बाबत भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना को सलाम करते हुए भावुक पोस्ट किया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किए जाने के बाद रोहित ने सुरक्षा बलों की वीरता की सराहना की। रोहित ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा , हर एक क्षण के साथ, हर एक निर्णय के साथ, मुझे हमारी भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना पर अत्यधिक गर्व महसूस होता है। हमारे वीर योद्धा देश की शान के लिए मजबूती से खड़े हैं। हर भारतीय की जिम्मेदारी है कि वह किसी भी फेक न्यूज को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचें। सभी सुरक्षित रहें!जय हिन्द। रोहित के इस संदेश ने देशवासियों को सुरक्षाबलों पर गर्व करने के साथ-साथ सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने का भी संदेश दिया है। वे उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने इस संकट के समय में राष्ट्रीय एकता और जागरूकता का आह्वान किया है।


ऑपरेशन सिंदूर: आतंकी ठिकानों पर भारत का जवाब-

इन प्रतिक्रियाओं की पृष्ठभूमि में है भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में नौ स्थानों पर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया जाना। यह कार्रवाई हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के बाद की गई थी।

### एलए ओलंपिक 2028: उद्घाटन और समापन समारोह दो ऐतिहासिक स्टेडियमों में होंगे आयोजित

**एजेंसी,लॉस एंजेलिस**

लॉस एंजेलिस मेमोरियल कोलिज़ियम और इंग्लवुड स्थित सोफी स्टेडियम 2028 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के उद्घाटन और समापन समारोहों की मेजबानी करेंगे। एलए28 आयोजकों ने गुरुवार को उक्त घोषणा की।



14 जुलाई 2028 को होने वाला ओलंपिक उद्घाटन समारोह पहली बार दो स्थानों ङ्क ऐतिहासिक कोलिज़ियम और आधुनिक सोफी स्टेडियम ङ्क में साझा रूप से आयोजित होगा। कोलिज़ियम ओलंपिक इतिहास में तीन बार खेलों की मेजबानी करने वाला पहला स्थल बन जाएगा।

एलए की विरासत और भविष्य का होगा संगम

एलए28 के चेयरपर्सन और प्रेसिडेंट केसी वासरमैन ने एक बयान में कहा, ये दोनों स्थल लॉस एंजेलिस की खेल विरासत और तकनीकी प्रगति का प्रतीक हैं। दुनियाभर से आने वाले दर्शकों के लिए यह अनुभव अविस्मरणीय होगा।

30 जुलाई को ओलंपिक का समापन समारोह कोलिज़ियम में आयोजित किया जाएगा, जिसे आयोजनकर्ता 'अविस्मरणीय उत्सव' बता रहे हैं। 15 अगस्त को पैरालंपिक का उद्घाटन समारोह सोफी स्टेडियम में होगा, जबकि समापन समारोह 27 अगस्त को कोलिज़ियम में सम्पन्न होगा। लॉस एंजेलिस ने इससे पहले 1932 और 1984 में ओलंपिक की मेजबानी की थी। लेकिन 2028 पहली बार होगा जब यह शहर पैरालंपिक खेलों की भी मेजबानी करेगा। आयोजकों ने कहा, पैरालंपिक समापन समारोह एलए28 खेलों की अंतिम यादगार झलक होगा, जो ओलंपिक और पैरालंपिक आंदोलन को लॉस एंजेलिस से स्थायी रूप से जोड़ देगा।

# सीमा पर तनाव के कारण सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी फीकी पड़ी चमक

एजेंसी,नई दिल्ली

एलओसी पर बने तनाव का असर आज घरेलू सर्राफा बाजार में भी गिरावट के रूप में नजर आया। कीमत में आज आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोना 610 से 660 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली कमजोरी दर्ज की गई। आज कीमत घटने के कारण 24 कैरेट सोना 98,350 से लेकर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार करता रहा। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,150 से लेकर 90,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिकता रहा। चांदी के भाव में भी आज कमजोरी आई, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिकी। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।



इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 98,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 98,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 98,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## स्टेट बैंक, पीएनबी सहित अन्य बैंकों ने कहा- एटीएम में पर्याप्त नकदी




एजेंसी,नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बडे स्टेट बैंक ऑफइंडिया (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) सहित कई अन्य बैंकों ने शुक्रवार को कहा कि उनके एटीएम पूरी तरह से चालू हैं। उनमें पर्याप्त नकदी भी है। डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आई उन खबरों की पृष्ठभूमि में यह बयान जारी किया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच आने वाले दिन में एटीएम बंद हो सकते हैं। इस बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शाम को बैंकों और वित्तीय संस्थानों की साइबर सुरक्षा तैयारियों पर समीक्षा बैठक करेंगी। एसबीआई ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि हमारे सभी एटीएम, सीडीएम/एडीडब्ल्यूएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से चालू हैं, जो जनता के लिए उपलब्ध हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े कर्जदाता बैंक ने अपने ग्राहकों को असत्यापित जानकारी पर भरोसा न करने की सलाह भी दी है। इसके साथ ही पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब एंड सिंध बैंक, केनरा बैंक और बैंक ऑफइंडिया ने भी इसी तरह के संदेश जारी किए। पीएनबी ने एक्स पोस्ट में कहा, ''हमारी सभी डिजिटल सेवाएं भी सुचारू रूप से चल रही हैं, जिससे आपको घर बैठे सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित हो रहा है।'' उल्लेखनीय है कि भारत ने गुरुवार रात को जम्मू और पठानकोट सहित सैन्य स्थलों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल कर दिया। इससे पहले भारत ने देश के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में 15 स्थानों पर इसी तरह की कोशिशों को नाकाम किया था। इस बीच दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है।

## सार समाचार

### तुर्किये और अजरबैजान के लिए हवाई टिकट की बुकिंग बंद

**एजेंसी,** नई दिल्ली । भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर यात्रा के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्लेटफार्म ने तुर्किये और अजरबैजान के बीच हवाई टिकटों की बुकिंग बंद कर दी गई है। इसके साथ ही यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। यात्रियों को तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। बताया जा रहा है कि दोनों देश पाकिस्तान का समर्थन कर रहे हैं। इसके अलावा भारतीयों से संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्लेटफार्म कॉक्स एंड किंग्स ने कहा कि हमने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किये के लिए सभी यात्रा टिकट बुकिंग को अस्थायी रूप से रोकने का फैसला किया है। कॉक्स एंड किंग्स के निदेशक करण अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय हमारे और देश के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सिद्धांतों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। हम भारतीय यात्रियों को भी सलाह देते हैं कि वे हालात को देखते हुए बहुत जरूरी न होने तक इन देशों की यात्रा से बचें।

ईजमाई ट्रिप ने एक्स पर यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया कि पहलगाम हमले और भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद यात्रियों से सतर्क रहने की अपील की जाती है। तुर्किये और अजरबैजान ने पाकिस्तान के लिए समर्थन दिखाया है। इसलिए हम सलाह देते हैं कि यात्री केवल तभी यात्रा करें जब बहुत आवश्यक हो। ईजमाई ट्रिप के संस्थापक और अध्यक्ष निशांत पिट्टी ने कहा कि हम मौजूदा हालात को लेकर बेहद चिंतित हैं। उन्होंने अपने सभी ग्राहकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले आधिकारिक यात्रा सलाह से अपडेट रहने की सलाह दी है।

# वॉकी-टॉकी की अवैध बिक्री के लिए 13 ई-कॉमर्स कंपनियों को सीसीपीए का नोटिस

एजेंसी,नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने वॉकी-टॉकी की अनधिकृच बिक्री को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। सीसीपीए ने वॉकी-टॉकी की अवैध बिक्री के लिए अमेजन और फ्लिपकार्ट सहित अन्य 13 ई-कॉमर्स कंपनियों को नोटिस जारी किया है। ये कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने अनधिकृत वॉकी-टॉकी उपकरणों की बिक्री के लिए अमेजन और फ्लिपकार्ट सहित अन्य प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की है। मंत्रालय ने कहा कि ये कार्रवाई ई-कॉमर्स मंचों पर इन उपकरणों को सूचीबद्ध किए जाते समय उनके संचालन वाली रेडियो तरंगों के बारे में समुचित जानकारी का अभाव, लाइसेंसिंग विवरण और उपकरण प्रकार अनुमोदन (ईटीए) प्रमाण की कमी पर केंद्रित है। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्री प्रल्हाद जोशी ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा, नियमों का अनुपालन न करने वाले वायरलेस उपकरणों की बिक्री न केवल वैधानिक दायित्वों का उल्लंघन करती है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा संचालन के लिए भी महत्वपूर्ण जोखिम पैदा कर सकती है। जोशी ने कहा कि यह उल्लंघन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम और वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम सहित कई कानूनी ढांचों के खिलाफ हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीसीपीए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 18(2)(एल) के तहत आधिकारिक दिशा-निर्देश जारी करेगा, जिसका उद्देश्य डिजिटल बाजारों में अनुपालन और उपभोक्ता सुरक्षा उपायों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि विक्रेताओं को उपभोक्ता अधिकारों को बनाए रखने और गैरकानूनी व्यापार प्रथाओं को रोकने के लिए सभी लागू नियामक मानकों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।



## स्टार्टअप्स के लिए पूंजी पहुंच बढ़ाने को सरकार ने किया ऋण गारंटी योजना का विस्तार

एजेंसी,नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने स्टार्टअप्स के लिए पूंजी तक पहुंच बढ़ाने को ऋण गारंटी योजना का विस्तार किया है। सरकार ने स्टार्टअप्स के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीएसएस) में गारंटी सीमा का विस्तार कर दोगुना करने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस योजना के तहत बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को स्टार्टअप्स को लोन देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने सीजीएसएस के विस्तार को अधिसूचित किया है, जिसके तहत योजना के तहत प्रति उधारकर्ता गारंटी कवर की अधिकतम सीमा 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दी गई है। इसके साथ 10 करोड़ रुपये तक की ऋण राशि के लिए गारंटी कवर की सीमा को भी बढ़ा कर डिफॉल्ट राशि का 85 फीसदी और 10 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण राशि के लिए डिफॉल्ट राशि का 75 फीसदी कर दिया है। इस योजना का विस्तार केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई घोषणा के अनुरूप है। उल्लेखनीय है कि स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीएसएस) 6 अक्टूबर, 2022 को अधिसूचित किया गया था, जो 16 जनवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा था। इस योजना को कार्यशील पूंजी, सावधि ऋण और उद्यम ऋण जैसे साधनों के माध्यम से संपार्श्विक-मुक्त ऋण वित्तपोषण की सुविधा के लिए डिज़ाइन किया गया है।




## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच लुढ़का शेयर बाजार, सेंसेक्स 548 अंक टूटा

एजेंसी,नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के तनाव और व्यापक संघर्ष की आशंकाओं के बीच घरेलू शेयर बाजार में गिरावट दिख रही है। हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 548.12 अंक यानी 0.68 फीसदी टूटकर 79,786.69 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्चेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 152.50 अंक यानी 0.63 फीसदी फिसलकर 24,121.30 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 शेयर में गिरावट है, जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में से 45 शेयर में गिरावट है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, अडाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटर्नल और नेस्ले के शेयरों में गिरावट है। हालांकि, लार्सन एंड टुब्रो और टाइटन के शेयर में चार फीसदी से अधिक की तेजी दिख रही है। टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर लाभ में हैं। इसके अलावा एशियाई शेयर बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, शंघाई एसएसई कम्पोजिट तथा हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे हैं, जबकि जापान का निक्की 225 फायदे में दिख रहा है। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले बीएसई का सेंसेक्स 412 अंक गिरकर 80,335 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि एनएसई का निफ्टी 141 अंक नीचे 24,274 के स्तर पर बंद हुआ था।

## भारत और चिली ने सीईपीए पर वार्ता के लिए संदर्भ शर्तों पर किए हस्ताक्षर



एजेंसी, नई दिल्ली

भारत और चिली ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए आधिकारिक तौर पर संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए हैं। ये आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। इस ऐतिहासिक कदम को इन दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर भारत में चिली के राजदूत जुआन अंगुलो और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव और भारतीय पक्ष की ओर से भारत-चिली सीईपीए के मुख्य वार्ताकार विमल आनंद ने विधिवत हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को दोहराया और 26 से 30 मई, 2025 को नई दिल्ली में होने वाली पहली वार्ता के दौरान सार्थक चर्चा के प्रति आशा व्यक्त की। सीईपीए का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मौजूदा पीटीए को आगे बढ़ाते हुए डिजिटल सेवाओं, निवेश प्रोत्साहन एवं सहयोग, एमएसएमई, महत्वपूर्ण खनिजों आदि सहित कई क्षेत्रों को शामिल करना है, जिससे आर्थिक एकीकरण और सहयोग बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि भारत और चिली रणनीतिक साझेदार और करीबी सहयोगी हैं। दोनों देश उत्साहपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंध साझा करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में उच्चस्तरीय यात्राओं के आदान-प्रदान से द्विपक्षीय संबंध निरंतर रूप से मजबूत हुए हैं। जनवरी, 2005 में दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग पर एक रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, उसके बाद मार्च, 2006 में अधिमान्य व्यापार समझौते (पीटीए) पर हस्ताक्षर किए गए।

## तेल कंपनियों ने कहा-देश में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक, घबराहट में खरीदारी की जरूरत नहीं

एजेंसी,नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने जनता को पर्याप्त ईंधन स्टॉक का आश्वासन देते हुए कहा कि घबराहट में खरीदारी की जरूरत नहीं है। आईओसी का ये बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन खबरों एवं वीडियो के आने के बाद जारी किया गया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए लोगों की कतारें लग गई हैं। देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने शुक्रवार को कहा कि हमारी सभी आपूर्ति लाइन सुचारू रूप से काम कर रही हैं। हमारे सभी 'आउटलेट' पर ईंधन और एलपीजी उपलब्ध हैं। शांत रहकर और अनावश्यक भीड़ लगाने से बचते हुए हमें आपकी बेहतर सेवा करने में मदद करें। इससे हमारी आपूर्ति लाइन निर्बाध रूप से चलती रहेंगी और सभी के लिए निर्बाध ईंधन पहुंच सुनिश्चित होगी। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने भी एक बयान में कहा कि उसके राष्ट्रव्यापी नेटवर्क में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी उपलब्ध है। देशव्यापी नेटवर्क में बीपीसीएल के सभी ईंधन स्टेशन और एलपीजी वितरक सुचारू रूप से काम कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि चिंता या घबराहट में खरीदारी करने की कोई वजह नहीं है। हमारी आपूर्ति श्रृंखला का संचालन मजबूत और कुशल बना हुआ है, इसलिए हम सभी ग्राहकों से शांत रहने का आग्रह करते हैं। बीपीसीएल ऊर्जा की सुलभता और विश्वसनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है।

# जंग की आशंका से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट

एजेंसी,नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव का असर आज भी घरेलू शेयर बाजार में नजर आया, जिसकी वजह से लगातार दूसरे दिन सेंसेक्स और निफ्टी कमजोरी के साथ बंद हुए। आज के कारोबार की शुरुआत बड़ी गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि बाद में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर बाजार को काफी हद तक सहारा देने की कोशिश भी की। इसके बावजूद युद्ध की आशंका के कारण निवेशकों की घबराहट बनी रही। इस घबराहट के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान डिफेंस और पीएसयू बैंक सेक्टर से जुड़े शेयरों में खरीदारी होती रही। इसके अलावा कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और मेटल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर रियल्टी, ऑयल एंड गैस, एफएमसीजी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, टेक और आईटी सेक्टर के शेयरों में लगातार दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।



आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 2 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 416.61 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 418.50 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.89 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,010 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,366 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,488 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 156 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,543 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 824 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,719 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 5 शेयर बढ़त के साथ और 25 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 11 शेयर हरे निशान में और 39 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परियोजना खण्ड, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

नि.सू.क्र./03/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां./परियोजना खण्ड/2025 रायपुर, दिनांकः 06/05/2025

// मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

**01. विवरण :-** रायपुर जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परियोजना खण्ड कार्यालय का चहार दिवारी, मुख्य दरवाजा एवं वाहन स्टैण्ड का साधारण मरम्मत का कार्य।

| समूह क्र. | जिले का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | रायपुर | 4.05 |

**निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र की अंतिम तिथि 28.05.2025 निर्धारित है।**

02. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परि.खंड**
**रायपुर (छ.ग.)**

G-00761

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)**

// सूचना //

ज्ञा.कं.1024/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2025-26 दुर्ग, दिनांक 08/05/2025

इस कार्यालय द्वारा जारी संक्षिप्त मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-26 दिनांक 20.03.2025 अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

जी.नं.-242506085

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग**
**दुर्ग (छ.ग.)**

G-00750

# Pratidinrajdhani.in

**Daily Morning Newspaper & Webportal**

## E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
# प्रतिदिन राजधानी
**आम आदमी का खास अखबार**

**आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री, नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस**

**संपर्क करें:**
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
**62629 04444**
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

## विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, रायपुर, फोन- 2223699, 2539578, 94252-11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, बेबीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, लेड्किल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंढ़री शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100263

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विजेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252-04920, फोन : 2234944, 2582595

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268-77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
बाटल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222. 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

# मोटापा कम करने के लिए महिलाएं जरूर करें ये एक्सरसाइज, धीरे-धीरे घटने लगेगा वजन



बढ़ते वजन से हर कोई परेशान रहता है। महिलाएं भी इस समस्या से अछूती नहीं है। असल में घर और दफ्तर के काम के बीच महिलाएं अक्सर इतनी उलझ जाती हैं, जिससे उन्हें स्ट्रेस होने लगता है। कई बार, मोटापा बढ़ने की एक वजह बढ़ते स्ट्रेस को भी माना जाता है। ऐसे में, अगर महिलाएं नियमित रूप से एक्सरसाइज को अपने लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाएं, तो न सिर्फ वे रिलैक्स फील करती हैं, बल्कि इससे वजन कम करने में भी मदद मिलती है। जानें, महिलाएं वजन कम करने के लिए किस तरह की एक्सरसाइज को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं।

## वेट लॉस के लिए महिलाएं करें वॉकिंग

वेट लॉस के लिए महिलाएं वॉकिंग कर सकती हैं। वैसे भी वॉकिंग करने से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। इसके अलावा, वॉकिंग करना वजन कम करने के लिए सबसे आसान तरीकों में से एक है। जिन महिलाओं का वजन बहुत ज्यादा है, वे सुबह और शाम दो समय 20-20 मिनट के लिए वॉक कर सकती हैं। यही नहीं, जिन महिलाओं ने हाल फिलहाल में वजन कम करने के लिए एक्सरसाइज करने की शुरुआत की है, उनके लिए भी यह बेहतरी वर्कआउट में से एक है। हावर्ड हेल्थ के अनुसार अगर 70 केजी एक व्यक्ति रोजाना तीस मिनट के लिए सामान्य गति में वॉक करता है, तो इससे वह 175 कैलोरी तक बर्न कर सकता है।

## वेट लॉस के लिए महिलाएं जॉगिंग करें

वेट लॉस के लिए महिलाएं जॉगिंग भी कर सकती है। यह एक्सरसाइज भी वॉकिंग की तरह बहुत आसान है। रनिंग और जॉगिंग में बेसिक फर्क यह होता है कि जॉगिंग, रनिंग की तुलना में स्पीड में की जाती है, जिससे कैलोरी भी ज्यादा बर्न होती है। हार्वर्ड हेल्थ की मानें, तो 70 केजी एक व्यक्ति यदि स्पीड में आधे घंटे तक जॉगिंग करता है, तो इससे वह करीब 360 कैलोरी तक बर्न कर सकता है। इसके अलावा, जॉगिंग करने से बैली फैट घटाने में भी मदद मिलती है।

## वेट लॉस के लिए महिलाएं स्किपिंग करें

वेट लॉस के लिए महिलाएं स्किपिंग भी कर सकती हैं। स्किपिंग एक रोप यानी रस्सी की मदद से की जाती है। स्किपिंग करने से भी महिलाओं की बॉडी एन्हैंस होती है, बेली फैट घटता है और पेट की मासंपेशियों में खिंचाव आता है, जिससे उनकी बॉडी टोंड होती है। यही नहीं, नियमित रूप से स्किपिंग करने की वजह से बॉडी स्ट्रेंथ बढ़ती है और महिलाओं को एनर्जेटिक बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है।

## वेट लॉस के लिए महिलाएं करें स्क्वॉट्स

वेट लॉस के लिए महिलाएं स्क्वॉट्स कर सकती हैं। स्क्वॉट्स बेहतरीन एक्सरसाइजों में से एक है। इस एक्सराइज को करने से बेली फैट रिड्यूस होता है, मसल्स के आसपास मास बढ़ता है और शरीर टोंड होती है। असल में, स्क्वॉट्स लीन मसल्स को बढ़ाने काम करती है। इस तरह देखा जाए, तो स्क्वाट करने से फैट बर्न होता है और मसल्स का निर्माण होता है। स्क्वॉट्स मुख्य रूप से आपकी स्ट्रेंथ को बढ़ाने का काम करती है।

# इन चीजों से घर पर बनाएं नीम का साबुन, रोज नहाने से मिलेंगे कई फायदे

त्वचा को साफ, स्वस्थ और कोमल बनाए रखने के लिए हम सभी साबुन का उपयोग करते हैं। वैसे तो बाजार में कई तरह के साबुन उपलब्ध हैं। लेकिन इनमें हानिकारक केमिकल्स होते हैं, जो लंबे समय में त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। केमिकल्स युक्त साबुन के इस्तेमाल से त्वचा का प्राकृतिक तेल कम हो जाता है और त्वचा में रूखापन बढ़ जाता है। ऐसे में आप चाहें तो घर पर नीम से हर्बल साबुन तैयार कर सकते हैं। नीम के पत्तों से बना साबुन आपकी त्वचा को ड्राई किए बिना अंदर से साफ करता है। नीम के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। नीम के साबुन का उपयोग करने त्वचा के कील-मुंहासों, डार्क स्पॉट्स, एलर्जी और संक्रमण की समस्या को दूर किया जा सकता है।



### घर पर नीम का साबुन बनाने का तरीका

**सामग्री :**

- नीम के पत्ते - 2 कप
- ग्लिसरीन सोप
- एसेंशियल ऑयल -1/2 चम्मच (ऑप्शनल)
- साबुन बनाने का सांचा

### बनाने का तरीका

- सबसे पहले नीम की पत्तियों को अच्छी तरह से धोकर साफ कर लें।
- इसके बाद इन्हें मिक्सर में डालकर पीस लें और एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें।
- अब ग्लिसरीन सोप को कद्दूकस कर लें या चाकू से बारीक काटकर माइक्रोवेव में पिघलाएं।
- इसे तब तक पिघलाएं, जब तक कि यह लिक्विड न बन जाए।
- इसके बाद नीम के पेस्ट में एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डालें। आप चाहें तो इसमें चुटकीभर हल्दी पाउडर भी मिला सकते हैं।
- अब इन सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स कर लें।
- इसके बाद पिघले हुए साबुन में नीम के पेस्ट को डालें और फिर से कुछ देर के लिए माइक्रोवेव कर लें।
- अब इस मिश्रण को साबुन के सांचे में डालें और फिर इसे फ्रिज के अंदर रख दें।
- 4-5 घंटे में आपका साबुन सेट हो जाएगा। इसके बाद आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### नीम का साबुन इस्तेमाल करने के फायदे

**त्वचा को एक्सफोलिएट करे :** नीम का साबुन त्वचा की गंदगी, एक्स्ट्रा ऑयल और डेड स्किन को हटाने में प्रभावी है। इस साबुन के इस्तेमाल से आपकी स्किन एक्सफोलिएट होती है।

**मुंहासों से छुटकारा दिलाए :** नीम की पत्तियों में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा के मुहांसे या एक्ने से छुटकारा दिलाने में बहुत फायदेमंद होते हैं।

**दाग-धब्बों को हटाने में मददगार :** नीम की पत्तियों में विटामिन ई भरपूर मात्रा में होता है, जो त्वचा को चमकदार बनाता है। नीम के साबुन के इस्तेमाल से दाग-धब्बों और पिगमेंटेशन की परेशानी दूर हो सकती है।

# डाइट में एवोकाडो लस्सी शामिल करने से मिलेंगे ये फायदे

गर्मियों में शरीर को ज्यादा हाइड्रेशन की जरूरत होती है। वातावरण का तापमान बढ़ने से शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है, इसलिए गर्मियों में हमें ज्यादा प्यास लगती है। शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए फ्रूट जूस, दही, छाछ, दूध, फलों का सेवन फायदेमंद माना जाता है।

**पोषण तत्वों से भरपूर :** एवोकाडो में विटामिन सी, ई, के और बी6 की अधिक मात्रा पायी जाती है। इसमें फोलेट, मैग्नीशियम, पोटेशियम, ओमेगा-3 फैटी एसिड और बीटा-केरोटीन भी पाया जाता है, जो संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद कर सकता है।

**हेल्दी स्किन बनाए रखें :** दही और दूध दोनों की त्वचा के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। वहीं एवोकाडो का सेवन भी शरीर से टोक्सिन निकालने में मदद करता है, जो त्वचा बेहतर बनाए रखने में मदद कर सकता है।

**पाचन बेहतर बनाएं :** एवोकाडो और दही दोनों ही पाचन के लिए बेहतर माने जाते हैं। फूड डेटा सेंट्रल के मुताबिक करीब आधे एवोकाडो में 6 से 7 ग्राम तक फाइबर पाया जाता है, जो पाचन बेहतर रखने में मदद कर सकता है।

**वजन कम करने में मदद करें :** पबमेड सेंट्रल की 2018 की रिसर्च के मुताबिक एवोकाडो में भरपूर मात्रा में हेल्दी फैट्स पाएं गए हैं। जिसके सेवन से आपको लंबे समय तक भूख नहीं लगती है।

# चेहरे पर पपीते से बना आइस क्यूब लगाने से दूर होंगी कई समस्याएं

पपीता शरीर के साथ स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसके उपयोग से स्किन की कई समस्याएं दूर होती है और स्किन हेल्दी बनती है। ये नैचुरल तरीके से स्किन को पोषण देकर टैनिंग को हटाता है और स्किन पर कसावट भी लाता है। पपीते में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन ए और विटामिन सी स्किन की परेशानियों को दूर करता है। बाजार में पपीते के प्रोडक्ट्स मिलने के साथ पपीते का फेशियल भी लोग चेहरे पर कराते है। इसको कराने से चेहरे पर रौनक आ जाती है और चेहरे की रंगत में भी निखार आता है। लेकिन कई बार ये प्रोडक्ट्स और फेशियल महंगे होने के इनका ज्यादा उपयोग स्किन के लिए हानिकारक भी हो सकता है। ऐसे में स्किन की समस्याओं को दूर करने के लिए घर पर पपीते की आइस क्यूब को बनाकर लगाया जा सकता है। पपीते की



आइस क्यूब चेहरे पर मलने से स्किन चमकदार बनेगी और सनबर्न भी आसानी से दूर होगा।

**हाइपरपिगमेंटेशन की समस्या :** पपीते में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। चेहरे पर इसकी मसाज करने से हाइपरपिगमेंटेशन की समस्या दूर होगी और त्वचा पर मेलनिन का प्रोडक्शन भी कम होगा। जिससे चेहरे पर हाइपरपिगमेंटेशन के दाग को दूर करने में मदद मिलेगी।

**ड्राई स्किन की समस्या को दूर करे :** पपीते की आइस क्यूब से मसाज करने से स्किन को अंदरूनी तौर पर पोषण मिलता है। जिससे ड्राई स्किन की समस्या दूर होती है और स्किन भी चमकदार बनती है। पपीते में त्वचा को मॉइश्चराइजर करने के गुण होते हैं, जो स्किन को लंबे समय तक हाइड्रेट करने में मदद करता है।

**दाग-धब्बे दूर करे :** जी हां, पपीते की आइस क्यूब लगाने से स्किन के दाग-धब्बे दूर होने के साथ स्किन की कई समस्याएं भी दूर होती है। पपीते में मौजूद विटामिन सी दाग-धब्बों को दूर करता है और स्किन को चमकदार बनाता है। पपीते में मौजूद तत्व दाग-धब्बों को कम करके पिंपल्स को भी कम करते है।

**झुर्रियों को कम करने में मददगार :** पपीते आइस क्यूब को चेहरे पर रगड़ने से झुर्रियों की समस्या कम होती है और बढ़ती उम्र के संकेत भी आसानी से कम होते है। ये त्वचा को जवां बना कर रखने में मदद करती है। इन क्यूब से चेहरे की हल्के हाथ से मसाज करने स्किन की कई समस्याएं दूर होती है।

**टैनिंग हटाने में मददगार :** पपीते आइस क्यूब स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल से टैनिंग की समस्या को दूर किया जा सकता है। ये सनबर्न को कम करके स्किन को हाइड्रेट करता है और ग्लोइंग बनाता है। पपीते में मौजूद विटामिन ए और सी टैनिंग कम करता है।

**पपीता आइस क्यूब बनाने का तरीका :** पपीता आइस क्यूब बनाने के लिए 1/2 कटोरी पपीते का पेस्ट, 3 से 4 चम्मच गुलाब जल और 1 विटामिन ई कैप्सूल को लेकर इन सभी चीजों को कटोरी में मिला लें। अब इस मिश्रण को आइस ट्रे में भरें। कुछ ही देर में आपकी पपीता आइस क्यूब तैयार हो जाएगी।

# गर्मी में आप फिट और हेल्दी इन तरीकों से रहें

फिट और हेल्दी रहने के लिए हम सभी तरह-तरह के उपाय आजमाते हैं। इसके लिए हम अच्छा खाना खाते हैं, पूरी नींद लेते हैं और तनाव मुक्त रहने की कोशिश करते हैं। लेकिन स्वस्थ रहने के लिए आपको मौसम के अनुसार अपने लाइफस्टाइल में बदलाव करने जरूरी होते हैं। इस समय गर्मी का मौसम चल रहा है, लोग चिलचिलाती धूप से परेशान हैं। गर्मी, धूप और पसीने की वजह से बॉडी डिहाइड्रेट होने लगती है। इसकी वजह से थकान, कमजोरी और सिरदर्द जैसी समस्याएं परेशान करने लगती हैं। इतना ही नहीं, गर्मी और धूप की वजह से त्वचा से जुड़ी परेशानियां भी होने लगती हैं।



### शरीर को ठंडा रखने वाली चीजें खाएं

- गर्मी में शरीर को ठंडा रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए खूब सारा पानी पिएं।
- गर्मी में रोजाना 3-4 लीटर मटके का पानी पिएं।
- मौसमी फलों का सेवन करें।
- फलों का डिटॉक्स वॉटर बनाकर पिएं। इसके लिए 2 लीटर पानी में 2-3 घंटे के लिए फल भिगोकर रख दें। फिर पूरे दिन इस पानी को पीते रहें।
- शरीर को ठंडा रखने के लिए नाश्ते के 1-2 घंटे बाद बेल का जूस जरूर पिएं।
- गर्मी में भिगोया हुआ गोद कतीरा खाना भी फायदेमंद होता है। रोजाना 1-2 चम्मच गोद कतीरा पानी या दूध के साथ लें।

### ऐसा होना चाहिए डाइट प्लान

- गर्मी में आपको नाश्ता या ब्रेकफास्ट हैवी लेना चाहिए।
- मिड ब्रेकफास्ट में बिस्किट आदि का सेवन न करें। इसमें आप फल, नारियल पानी, बेल जूस या फिर खीरा आदि का सेवन कर सकते हैं।
- लंच, ब्रेकफास्ट से थोड़ा लाइट रखें। इससे आपको नींद नहीं आएगी। आप अच्छा महसूस करेंगे।
- स्नैक्स में आप पाइनएप्पल पील टी पी सकते हैं। इसके अलावा, अनार या नींबू के छिलकों की चाय भी पी सकते हैं।
- डिनर में स्मूदी, शेक या सूप पी सकते हैं। लेकिन अगर आप हैवी वर्कआउट करते हैं, तो एक रोटी खा सकते हैं।

### अच्छी नींद लेना है जरूरी

गर्मी में फिट और हेल्दी रहने के लिए अच्छी नींद लेना भी बहुत जरूरी होता है। आपको रोजाना 7-8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। रात को 10 बजे सोना और सुबह 6 बजे उठना, बेस्ट स्लीपिंग टाइम है। अगर आप सही ने नहीं सोएंगे, तो इससे वजन ज्यादा या कम हो सकता है। आप अनहेल्दी महसूस कर सकते हैं।

### स्ट्रेस लेवल कम करें

अगर आपकी मेंटल हेल्थ अच्छी है, तो आप हमेशा फिट और हेल्दी रहेंगे। लेकिन अगर आप मानसिक रूप से परेशान रहेंगे, तो बीमार पड़ सकते हैं। वहीं, स्ट्रेस फ्री रहने से आप शारीरिक और मानसिक, दोनों तरीकों से हेल्दी रह सकते हैं। इससे आपको नींद अच्छी आएगी और काम पर भी ध्यान केंद्रित रहेगा।

# प्रेग्नेंसी में इन गलतियों से गर्भ में बंद हो सकती हैं बच्चे की सांसे, स्टिलबर्थ के खतरे को ऐसे करें कम

जब गर्भावस्था के 24वें हफ्ते में बच्चे की गर्भ में मौत हो जाती है तो इस स्थिति को स्टिलबर्थ कहा जाता है। यानी की डिलीवरी के समय या इससे कुछ दिन पहले जब गर्भ में बच्चे की मौत हो जाती है तो उसे स्टिलबर्थ कहते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, 175 जन्मों में से लगभग 1 बच्चा स्टिलबर्थ की अवस्था में पैदा होता है। हालांकि पिछले 30 सालों में हेल्थ सेक्टर में सुधार होने के कारण प्रसवपूर्व देखभाल में काफी सुधार हुआ है। जिससे गर्भ में मरने वाले बच्चों की संख्या में कमी आई है।

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, स्टिलबर्त के खतरे को कम करने के लिए तमाम तरह की सावधानी बरतने की जरूरत होती है। जिसमें मां की उम्र, कोई जेनेटिक बीमारी, वजन, बीएमआई, मेडिकल विकार, फैमिली हिस्ट्री आदि जोखिम शामिल होते हैं। यदि इन जोखिमों की पहले से पहचान कर इनका उपाय कर



लिया जाए तो स्टिलबर्थ के खतरे को कम किया जा सकता है।

**स्टिलबर्थ में कमी :** बता दें कि स्टिलबर्थ की दर में काफी कमी आई है। हेल्दी प्रेग्नेंसी और सुरक्षित डिलीवरी को लेकर लोगों को जागरुक होना चाहिए। वहीं मां और बच्चे की सेहत को ध्यान में रखते हुए स्टिलबर्थ की दर को कम करने का लक्ष्य बनाना चाहिए। जिससे कि इस दिशा में सफलता पाई जा सके।

**एंटी-नेटल अपॉइंटमेंट :** किसी भी गर्भवती महिला को अपनी एंटी-नेटल अपॉइंटमेंट मिस नहीं करनी चाहिए। बता दें कि यह कुछ ऐसे जरूरी टेस्ट होते हैं, जिनकी मदद से एक विशेष समय पर किसी भी संभावित समस्या के बारे में पता किया जा सकता है। साथ ही मां को यह भी पता चल जाएगा कि गर्भ में पलने वाला बच्चा कितना सुरक्षित है।

**एक्टिव बनी रहें :** प्रेग्नेंसी के दौरान हेल्दी फूड खाना चाहिए और अनहेल्दी फूड से दूरी बनाए रखना चाहिए। इस दौरान एक्टिव रहने का प्रयास करना चाहिए। बता दें कि वेट ज्यादा बढ़ने या ओबीस होने से प्रेग्नेंसी में दिक्कते होने लगती हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान वेट लॉस करने की जगह पहले से यदि आप ओवरवेट हैं तो अपने वजन को कंट्रोल करना चाहिए। इसके अलावा प्रेग्नेंसी के दौरान पीठ के बल सोने से स्टिलबर्थ का खतरा दोगुना हो जाता है। वहीं पीठ के बल लेटने से बच्चे तक खून और ऑक्सीजन प्रॉपर तरीके से नहीं पहुंच पाता है। इस दौरान आपको करवट लेकर सोना चाहिए।

**शराब-सिगरेट से बनाएं दूरी :** अगर आप भी धूम्रपान का सेवन करती हैं तो प्रेग्नेंसी में इसे बिलकुल बंद कर देना चाहिए। क्योंकि स्मोकिंग आदि करने से मां और बच्चे दोनों की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। वहीं यदि आपको शराब व सिगरेट आदि छोड़ने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो आप किसी प्रोफेशनलिस्ट की सहायता ले सकती हैं।

# दांतों की कैपिंग करवाने के बाद हो रहा है दर्द, तो अपनाएं ये उपाय

दांतों में कैपिंग कराने के बाद उसके आसपास के एरिया में काफी दर्द होता है। ये आसानी से ठीक भी नहीं होता और कई बार ये इतना परेशान कर देता है कि कुछ खाएं-पिएं भी नहीं बनता है। कई लोग दांतों में कैपिंग कराने के बाद दर्द को कम करने के लिए इंजेक्शन के साथ दवाइयों का सहारा लेते है। जिससे दर्द में कुछ देर के लिए, तो राहत मिल जाती है लेकिन थोड़ी देर बाद ही ये दर्द फिर से शुरू हो जाता है। ऐसे में इस दर्द को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपायों की मदद भी ली जा सकती है।



## बर्फ से सिंकाई करे

जी हां, दांतों में कैपिंग करवाने के बाद दर्द को दूर करने के लिए बर्फ से सिंकाई भी की जा सकती है। बर्फ से सिंकाई करने पर कुछ देर के लिए राहत मिलती है और वो हिस्सा सुन्न भी हो जाता है। बर्फ से सिंकाई करने के लिए बर्फ के कुछ टुकड़े हाथ में लेकर इसे सिंकाई करने की कोशिश करें। ऐसा करने से दांत के दर्द में आराम मिलेगा।

## लौंग का तेल

लौंग का तेल शरीर की कई परेशानियों को आसानी से दूर करता है। ये दर्द निवारक तेल एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है और दांत की कई समस्याओं को दूर करता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए इसे रुई या सीधे हाथ से दर्द वाली जगह पर लगाएं। ऐसा करने से दर्द ठीक होने में मदद मिलेगी।

## पुदीना चाय

पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना की चाय शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। दांत में कैपिंग से आने के बाद दर्द को दूर करने के लिए पुदीना की चाय बनाकर पिएं। इसमें मौजूद गुण दर्द को कम करके आराम देंगे। इसकी चाय बनाने के लिए 1 गिलास पानी में 5 से 6 पुदीने के पत्ते को रख कर उबालें। जब पानी आधा रह जाएं, तो सिप करके इस पानी को पिएं।

## लहसुन

लहसुन के इस्तेमाल से शरीर की कई समस्याओं को आसानी से दूर किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए लहसुन को चबा लें। ऐसा करने से इसमें मौजूद एंटीबैक्टिरियल और एंटीवायरल गुण दर्द में आराम देने के साथ सूजन को भी दूर करेंगे।

## हल्दी और नमक का पेस्ट

दांतों में कैपिंग कराने के बाद दर्द को दूर करने के लिए 2 चुटकी हल्दी, 1 चुटकी नमक और थोड़ा सा तेल डालकर गाढा पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को दर्द वाली जगह पर कुछ देर के लिए लगा रहने दें। ऐसा करने से दर्द में आराम मिलेगा। मसूढ़ों की समस्या भी आसानी से दूर होगी।

# वार्ता से पहले ट्रंप का चीन को प्रस्ताव

## कहा- टैरिफ को घटाकर 80 फीसदी तक कर सकते हैं

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ने के बाद पहली बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नया प्रस्ताव रखा है। उन्होंने चीन पर लगाए गए टैरिफ को घटाकर 80 फीसदी करने की बात कही है। ट्रंप ने यह प्रस्ताव तब रखा है जब अमेरिका और चीन के अधिकारी स्विट्जरलैंड के जेनेवा में एक उच्च स्तरीय वार्ता करने वाले हैं।

ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को घोषणा की थी कि ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर जेनेवा में अपने समकक्षों से मिलेंगे। यह व्यापार युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच सबसे बड़ी वार्ता होगी।

### अमेरिका-चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर में अब तक क्या-क्या हुआ?



अमेरिका की ओर से 2 अप्रैल 2025 को अपने व्यापारिक साझेदारों पर जवाबी टैरिफ लगाने के एलान के बाद चीन के साथ उसका व्यापार युद्ध एक नए मुकाम पर पहुंच गया। दोनों देश एक-दूसरे पर हर दिन एक नए भारी भरकम टैरिफ का एलान कर रहे हैं। इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामानों को टैरिफ से छूट भी दी थी। उस दौरान चीन ने अमेरिका से सभी इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर जवाबी टैरिफ को पूरी तरह से खत्म करने की अपील की थी। चीन ने अमेरिका से आयात पर 125 प्रतिशत टैरिफ का एलान कर रखा है। इसके बाद अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर 145% टैरिफ लगाया।

### चीन का निर्यात बढ़ा

अमेरिका के टैरिफ का चीन पर असर नजर नहीं आ रहा है। चीन के निर्यात में अप्रैल में पिछले साल की तुलना में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि चीन के अमेरिका को होने वाले निर्यात में 20 फीसदी की गिरावट आई है। माना जा रहा है कि आने वाले महीनों में टैरिफ के चलते चीन के अमेरिका को निर्यात में और गिरावट आ सकती है।

गौरतलब है कि अमेरिका का चीन के साथ व्यापार घाटा 20 अरब डॉलर से ज्यादा है। यह एक साल पहले करीब 27 अरब डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार, इस साल के पहले चार महीनों में चीन का अमेरिका को निर्यात पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 2.5 प्रतिशत कम हुआ है। साथ ही चीन का अमेरिका से आयात भी 4.7 प्रतिशत कम हुआ है।

# व्हाट्सएप ग्रुप में महिला अधिकारी ने पाकिस्तानी सेना और पीएम शरीफ की खोली पोल, की गई गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच पाकिस्तानी सेना और पीएम शहबाज शरीफ की करतूतों की पोल खोलना एक महिला अधिकारी को भारी पड़ गया। एक व्हाट्सएप ग्रुप में महिला अधिकारी ने पाकिस्तानी सेना और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का विरोध किया तो पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया।



महिला अधिकारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर में कहा गया कि राष्ट्रीय साइबर अपराध एजेंसी ने राष्ट्रीय डेटाबेस पंजीकरण प्राधिकरण (एनएडीआरए) की अधिकारी हिना शेख को व्हाट्सएप ग्रुप में पाकिस्तान सेना की भारत के साथ सैन्य संघर्ष में भूमिका और पाकिस्तान सरकार के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक अपराध निवारण अधिनियम (पीईसीए) की धारा 20, 24, 24 (ए), 26 ए के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

इसमें लिखा गया कि महिला अधिकारी ने आम जनता को पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ भड़काया। हिना द्वारा किए गए कथित पोस्ट पाकिस्तान और पाकिस्तानी सेना की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए राज्य की संस्थाओं और आम जनता के बीच दरार पैदा करने की शरारती कोशिश है। हिना ने अराजकता फैलाने, सामाजिक ताने-बाने में विभाजन पैदा करने तथा पाकिस्तान के लोगों के बीच नफरत फैलाने के नाम पर आम जनता को सरकार के खिलाफ अपराध करने के लिए उकसाया।

### सरकार का विरोध करने पर धरपकड़


पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने हाल ही में पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ आलोचनात्मक पोस्ट करने के लिए कई सोशल मीडिया ब्लॉगर्स, पत्रकारों, नागरिक समाज के सदस्यों और इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ताओं को PECA के तहत गिरफ्तार किया है। पत्रकार संगठनों, नागरिक समाज और विपक्षी दलों ने PECA को कठोर कानून‡ करार दिया। साथ ही इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की।

# 'मित्र देश की जासूसी नहीं की जा सकती', अमेरिकी जासूसी की खबरों पर डेनमार्क का अमेरिका को कड़ा संदेश

**ओस्लो।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने साफ कहा है कि 'किसी मित्र देश के खिलाफ जासूसी नहीं की जा सकती।' उनका यह बयान तब आया जब एक अमेरिकी अखबार ने रिपोर्ट दी कि अमेरिका ने ग्रीनलैंड में खुफिया जानकारी जुटाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। ग्रीनलैंड डेनमार्क का हिस्सा है, लेकिन उसे आंशिक रूप से स्वायत्तता प्राप्त है।

### डेनमार्क ने अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

इस मामले को लेकर डेनमार्क ने कोपेनहेगन में मौजूद अमेरिका की शीर्ष राजनयिक जेनिफर हॉल गॉडफ्रे को विदेश मंत्रालय में बुलाया। डेनमार्क के वरिष्ठ राजनयिक जेपे ट्रानहोल्म-मिकेलसेन ने इस मुद्दे पर चर्चा की। हालांकि मंत्रालय ने ज्यादा जानकारी साझा नहीं की और



अमेरिकी दूतावास ने भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### ट्रंप के ग्रीनलैंड खरीदने की चाहत बनी विवाद की जड़

बता दें कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड को खरीदने की इच्छा जताई थी, जिसके बाद से यह मामला संवेदनशील बन गया। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी खुफिया एजेंसियां ग्रीनलैंड में आजादी की मांग करने वाले आंदोलन और वहां अमेरिकी खनिज उत्खनन को लेकर जनता की भावना पर जानकारी इकट्ठा कर रही हैं।

### अमेरिका की प्रतिक्रिया- लीक करने वालों पर कार्रवाई होगी

अमेरिकी खुफिया विभाग की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने इन खबरों को गलत बताते हुए कहा कि ये लीक करने वाले डीप स्टेट के लोग राष्ट्रपति को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं। गबार्ड ने कहा कि जिन लोगों ने गोपनीय जानकारी लीक की है, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रीनलैंड ने भी जासूसी जताई नाराजगी

ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री ने भी पिछले महीने अमेरिका के रवैये को अनादरपूर्ण बताया था। उन्होंने दो टूक कहा था कि ग्रीनलैंड कभी भी ऐसा टुकड़ा नहीं बनेगा जिसे कोई खरीद सके।

# भारत से बढ़ते तनाव के बीच इमरान खान को जेल से रिहा करने की मांग, PTI ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका



**इस्लामाबाद।** भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान की अदियाला जेल में भ्रष्टाचार मामले में सजा काट रहे पूर्व पीएम इमरान खान को जेल से रिहा करने की मांग की गई है। इसे लेकर पूर्व पीएम की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में दावा किया गया है कि लंबे समय से हिरासत में रहने के कारण पूर्व पीएम की जान को खतरा है। साथ ही भारत के साथ मौजूदा स्थिति चलते उनकी जान को खतरा है।

तहरीक ए इंसाफ ने एक व्हाट्सएप संदेश में कहा है कि पार्टी के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने पार्टी संस्थापक की रिहाई के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। इमरान खान की रिहाई के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में मुख्यमंत्री केपी अली अमीन ने याचिका दायर की है। इसमें न्यायालय से अपील की गई है कि भारत के साथ वर्तमान हालात को देखते हुए राष्ट्रीय सद्भाव और एकजुटता के लिए और अदियाला जेल में ड्रोन हमले की आशंका के कारण उन्हें तुरंत पेरोल/प्रोबेशन पर रिहा किया जाए।

अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए तारीख तय नहीं की है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने बताया कि पूर्व पीएम इमरान खान को मुस्लिम उम्मा (समुदाय) का नेता बताया और न्याय की उम्मीद जताई। उन्होंने देश में कानून और व्यवस्था की कमी है। हमने न्याय की मांग के लिए सभी दरवाजे खटखटाए हैं।

गंदापुर ने याचिका में कहा है कि राजनीति से प्रेरित मामलों के कारण खान को लंबे समय तक हिरासत में रखना उनके मूल अधिकारों का उल्लंघन है। संविधान में इसके लिए पैरोल पर रिहाई का प्रावधान है। लंबे समय तक कारावास में रहने से स्वास्थ्य खराब होने का खतरा रहता है। आरोप लगाया गया कि पीटीआई संस्थापक और पूर्व पीएम इमरान खान ने अपनी हिरासत के दौरान जेल नियमों का उल्लंघन नहीं किया है।

बता दें पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्टाचार के एक मामले में 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। उन पर 100 से अधिक मामलों में आरोप लगाए गए हैं, जिनमें सरकारी रहस्यों को लीक करने से लेकर सरकारी उपहार बेचने तक के मामले शामिल हैं।

# 'मेरा चुनाव एक क्रॉस और आशीर्वाद दोनों'

## सिस्टन चैपल में पहली बार बोले 'पोप लियो 14वें

**वेटिकन सिटी।** नए पोप लियो 14वें ने सिस्टन चैपल में पहली बार मास कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि मेरा चुनाव एक क्रॉस और आशीर्वाद दोनों था। कार्डिनल्स से बात करते हुए पोप ने कहा कि ईसाई धर्म को एक ऐसी दुनिया में खुशी फैलाने की जरूरत है, जो अक्सर इसका मजाक उड़ाती है।

उन्होंने कहा कि आपने मुझे इस क्रॉस को उठाने और मिशन का आशीर्वाद पाने के लिए बुलाया है। मैं जानता हूं कि मैं आप में से प्रत्येक पर भरोसा कर सकता हूं कि आप एक चर्च, एक समुदाय, यीशु के मित्रों और विश्वासियों के रूप में सुसमाचार की घोषणा करने के लिए मेरे साथ चलेंगे।

लियो ने अफसोस जताया कि दुनिया के कई हिस्सों में ईसाई धर्म को बेतुका माना जाता है। पहले जब धन, सफलता और शक्ति जैसे प्रलोभन होते थे तो इसका मजाक उड़ाया जाता था या विरोध किया जाता था। उन्होंने शिकायत की कि कई जगहों पर यीशु को गलत समझा जाता है। उन्हें एक प्रकार का करिश्माई नेता या सुपरमैन बना दिया जाता है। लियो ने कहा कि यह न केवल गैर-विश्वासियों के बीच बल्कि कई बैपटाइस्ड ईसाइयों के बीच भी सच है। जो इस स्तर पर व्यावहारिक नास्तिकता की स्थिति में रहते हैं। ऐसे स्थानों पर हमारे मिशनरी आउटरीच की सख्त जरूरत है।

लियो ने कहा कि विश्वास की कमी अक्सर दुखद रूप से जीवन में अर्थ की हानि, दया की उपेक्षा,



मानवीय गरिमा का भयानक उल्लंघन, परिवार का संकट और हमारे समाज को प्रभावित करने वाले कई अन्य घावों के साथ होती है। मास के समापन पर कार्डिनल्स ने तालियां बजाईं। इस दौरान लियो को साधारण काले जूते पहने देखा गया। वे अन्य पोप की तरह पसंद किए जाने वाले लाल लोफर्स में नजर नहीं आए।

इससे पहले दो महिलाओं ने मास की शुरुआत में धर्मग्रंथों का पाठ किया। यह शायद लियो के इस इरादे का संकेत था कि वह चर्च में महिलाओं की भूमिका का विस्तार करने की पूर्व पोप फ्रांसिस की प्राथमिकता का पालन करना चाहते थे। कार्डिनल के रूप में लियो ने बिशप नामांकन की जांच करने वाले बोर्ड में तीन महिलाओं को शामिल करके फ्रांसिस के सबसे क्रांतिकारी सुधारों में से एक को लागू किया था।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए पोप लियो 14वें को शुभकामनाएं दी हैं। एक्स पर पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि मैं भारत के लोगों की ओर से नए पोप लियो 14वें को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। कैथोलिक चर्च का उनका नेतृत्व शांति, सद्भाव, एकजुटता और सेवा के आदर्शों को आगे बढ़ाने के गहन महत्व के क्षण में आता है। भारत हमारे साझा मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर संवाद और जुड़ाव के लिए प्रतिबद्ध है।

### कौन हैं रॉबर्ट प्रीवोस्ट ?

69 वर्षीय रॉबर्ट प्रीवोस्ट अमेरिकी कार्डिनल हैं। शिकागो में जन्मे कार्डिनल प्रीवोस्ट में निश्चित रूप से इस भूमिका के लिए आवश्यक कई गुण हैं। दो साल पहले पोप फ्रांसिस ने प्रीवोस्ट को मार्क ओउलेट की जगह वेटिकन के बिशपों के लिए डिकास्टरी का प्रीफेक्ट चुनकर उन्हें अगली पीढ़ी के बिशपों को चुनने का काम सौंपा था। उन्होंने पेरू में आर्कबिशप बनने से पहले कई साल तक एक मिशनरी के तौर पर काम किया। प्रीवोस्ट को उन्हें एक सुधारक के रूप में देखा जाता है, लेकिन 69 की उम्र में उन्हें पोप के पद के लिए बहुत कम उम्र का माना जा सकता है। पेरू में आर्कबिशप के रूप में उनका कार्यकाल यौन शोषण के दावों को छिपाने के आरोपों से भी घिरा रहा।

### 21 अप्रैल को हुआ पोप फ्रांसिस का निधन

21 अप्रैल, 2025 को 88 वर्ष की आयु में पोप फ्रांसिस का निधन हो गया था, जिसके बाद चर्च के लिए नए पोप का चुनाव किया जाना था। पोप की मृत्यु के साथ ही सदियों पुरानी रस्म शुरू हुई, जिसमें कार्डिनल कॉलेज की तरफ से उत्तराधिकारी का चुनाव करने के लिए पवित्र शपथ लेना, मतपत्रों की गिनती के बाद उन्हें सुई और धागे से छेदना और फिर जलाकर सफेद या काला धुआं निकालना शामिल है। चिमनी से सफेद धुआं निकलने का अर्थ है कि नए पोप का चुनाव हो चुका है।

# 'पाकिस्तान आतंकवाद का सिर, उस पर वार जरूरी'

## अमेरिकी विशेषज्ञ ने भारत का खुलकर किया समर्थन

**वॉशिंगटन।** भारत के साथ जारी तनाव के बीच पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। यही वजह है कि उसकी उकसावे वाली कार्रवाई की कई देश आलोचना कर रहे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के पूर्व शीर्ष अधिकारी माइकल रुबिन ने एक बड़ा बयान देते हुए पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। माइकल रुबिन ने साफ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान ही दुनिया में आतंक का गढ़ है और इस पर वार करना जरूरी है।

### 'अमेरिका को एकमत होकर भारत का समर्थन करना चाहिए'

न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में माइकल रुबिन ने कहा कि 'अमेरिका ने लश्कर ए तैयबा को आतंकी संगठन घोषित किया था, लेकिन हमने पाकिस्तान को आतंक को वित्त पोषित करने वाला देश करार नहीं दिया। अब समय आ गया है कि हम ऑक्टोपस के बाजुओं पर कार्रवाई करने के बजाय उसके सिर पर हमला करें। अमेरिका को एकमत होकर भारत



का समर्थन करना चाहिए।' माइकल रुबिन ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करते हुए कहा कि 'किसी भी लोकतांत्रिक देश के नेता का कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा करे। पीएम मोदी और भारत का पूरा राजनीतिक नेतृत्व ये समझ रहा है कि सभी भारतीय खतरे में हैं। इस सब की शुरुआत, तब हुई जब आसिम मुनीर ने कहा कि हिंदू और मुस्लिम एक साथ नहीं रह सकते, लेकिन भारत में दोनों साथ मिलकर रह रहे हैं। पाकिस्तान में ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि पाकिस्तान व्यवस्थागत तरीके से अपने अल्पसंख्यकों को देश से बाहर कर रहा है।'

### पाकिस्तान की कार्रवाई की बताई वजह

पाकिस्तान की कार्रवाई की वजह बताते हुए माइकल रुबिन ने कहा कि 'पाकिस्तान जब भी आर्थिक, भ्रष्टाचार या समाज के स्तर पर असफल होता है तो वह भारत के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करता है। यह एक असफल राष्ट्र की पहचान है। अच्छी बात ये है कि भारत में अलग कहानी है, जहां सभी लोग अपने मुद्दों पर चर्चा करते हैं।'

### भारतीय सेना ने सुनियोजित तरीके से की कार्रवाई

माइकल रुबिन ने कहा कि 'पाकिस्तान ने आतंकवाद को समर्थन देने के लिए इस संघर्ष की शुरुआत की। भारत आतंकवाद के पीड़ित हैं। पहले मुझे लगता था कि पीएम मोदी ने जवाब देने में लंबा समय लिया, लेकिन अब साफ है कि भारतीय सेना ने पूरी योजना के तहत सुनियोजित तरीके से कार्रवाई की है और ये दिखाया है कि भारतीय सेना कितनी सक्षम है। पाकिस्तान घिर गया है और अपना चेहरा बचाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन आसिम मुनीर को यह समझना चाहिए कि अगर आप गड्ढा खोदोगे तो एक दिन उसी में गिरोगे। गड्ढा खोदना बंद कीजिए और आगे बढ़िए। अमेरिका को पाकिस्तान को आतंकवाद का गढ़ घोषित करना चाहिए।'

# विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ पर मॉस्को के रेड स्क्वायर पर परेड, 27 देशों के नेता हुए शामिल

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 27 देशों के नेताओं ने द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80वीं वर्षगांठ मनाई। पुतिन ने रेड स्क्वायर पर विजय दिवस परेड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, नाजी जर्मनी की हार मित्र देशों के साझा प्रयासों से संभव हुई। खासतौर पर यूरोप में 'नॉर्मंडी लैंडिंग' (दूसरा मोर्चा खोलना) ने 'महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध'में सोवियत लोगों की जीत को करीब लाने में मदद की।

उन्होंने कहा, मित्र देशों के साझा प्रयासों से ही नाजी जर्मनी, जापान और उनके सहयोगियों की हार संभव हो पाई। हम इसे हमेशा याद रखेंगे कि यूरोप में जब दूसरा मोर्चा खोला गया, तो सोवियत संघ की जमीन पर हुए निर्णायक युद्ध से जीत और करीब आ गई। इस कार्यक्रम में 27 देशों के नेता शामिल हुए, जिनमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा भी शामिल हुए।



### कार्यक्रम में किन देशों के नेता हुए शामिल

भारत की ओर से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 'ऑपरेशन सिंदूर' में व्यस्त होने के कारण विदेश यात्रा पर नहीं गए। कार्यक्रम में सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिच, स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको, रिपब्लिका सर्पस्का के राष्ट्रपति मिलोराड डोडिक, बेलारूस के राष्ट्रपि अलेक्जेंडर लुकाशेंको, क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाल-कैनेल, वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव तो लाम, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्तह अल-सीसी, फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो, इथियोपिया के राष्ट्रपति ताए एत्स्के सेलास्सी, गिनी-बिसाऊ के राष्ट्रपति उमारो सिसोको एमाबो भी शामिल हुए।

### रेड स्क्वायर पर परेड में क्या था खास

इस वर्ष की परेड में 11 हजार से अधिक सैनिक शामिल हुए, जिनमें 1500 सैनिक यूक्रेन में जारी विशेष सैन्य अभियान से जुड़े थे। इस वर्ष की परेड में 11 हजार से अधिक सैनिक शामिल हुए, जिनमें 1500 सैनिक यूक्रेन में जारी विशेष सैन्य अभियान से जुड़े थे। परेड में द्वितीय विश्व युद्ध के 183 पुराने हथियारों के साथ-साथ नई आधुनिक हथियार प्रणाली का प्रदर्शन किया गया। 13 देशों के सैन्य दलों ने परेड में हिस्सा लिया, जिनमें चीन, मिस्र, मंगोलिया, म्यांमार और वियतनाम शामिल हैं। सीआईएस (पूर्व सोवियत संघ के देश) के सैन्य दल भी परेड में शामिल हुए। यूक्रेन में चल रहे विशेष सैन्य अभियान में भाग ले चुके अनुभवी सैनिकों ने भी रेड स्क्वायर पर मार्च किया।

# ईमानदारी से काम करने वाली हमारी सरकार ने जनता के सामने रखा है अपना रिपोर्ट कार्डः मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री साय ग्राम पंचायत मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर में हुए शामिल

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

ईमानदारी से काम करने वाली सरकार ही जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड रख सकती है। हमने ये काम किया है। हमारी पारदर्शी सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए आपके बीच पहुंच रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सुशासन तिहार के अंतर्गत गरियाबंद जिले की ग्राम पंचायत मड़ेली में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित करते हुए यह बातें कही। साय ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के पांचवें दिन आज 10 वें जिले में आप सभी के बीच आया हूं ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का पता चल सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 75 करोड़ की लागत से ग्राम पंचायत मड़ेली में 132 केवी सब स्टेशन और विद्युत लाइन विस्तार तथा 147 करोड़ रुपए की लागत से राजिम से छुरा (बेलटुकरी होते हुए) 43 किमी सड़क चौड़ीकरण और पिपरछेड़ी जलाशय के अधूरे निर्माण को पूर्ण कराए जाने की बड़ी घोषणा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान राजीव लोचन के जयकारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को लगभग डेढ़ साल पूरे होने वाले है। इस दौरान हम मोदी की सभी गारंटियों को पूरा करने का काम कर रहे हैं। साय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने सभी से वादा किया था कि



सरकार बनते ही मुख्यमंत्री का पहला काम होगा कि वे सभी गरीब व जरूरतमंद परिवारों को पक्का छत मुहैया कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट में 18 लाख गरीब परिवारों के आवास को स्वीकृति दी थी और लगातार अब भी आवास देने का काम कर रहे हैं। साय ने कहा कि आगामी 13 तारीख को केंद्रीय पंचायत मंत्री की मौजूदगी में 3.5 लाख आवास गरीब परिवारों को और मिलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आवास प्लस प्लस की सर्वे तिथि को भी बढ़ा दिया गया है और आवास की पात्रता नियमों को भी शिथिल कर दिया गया है। उन्होंने सभी से आवास प्लस प्लस सर्वे में शामिल होने का आग्रह किया। साय ने कहा कि हमारी सरकार ने 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, धान के बकाया बोनस की राशि देने और महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की माताओं –बहनों को आर्थिक संबल देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से हम अपने प्रदेशवासियों और वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं। साय ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेने को कहा।

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को वितरित की सामग्री

नन्हें बच्चों का कराया अन्नप्राशन समाधान शिविर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल और विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को अन्य उपकरण और सामग्रियां वितरित किए। मुख्यमंत्री ने विभागीय स्टालों का दौरा कर अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली और लंबित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया और गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजु एस. मौजूद रहे।

# गोवा से चल रहा था आईपीएल क्रिकेट सट्टा रैकेट, 15 गिरफ्तार



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ के भाटापारा पुलिस को एक बड़ी सफ्लता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में एक अंतरराज्यीय ऑनलाइन आईपीएल सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। ये आरोपी देशभर में फैले नेटवर्क के जरिए करोड़ों रुपये का सट्टा चला रहा थे। गिरोह के 15 सदस्यों को गोवा के बोगमालो से गिरफ्तार किया गया है। उनसे लाखों रुपए के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और बैंक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, भाटापारा शहर थाना में अपराध क्रमांक 288/2025 धारा 07 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण और साइबर ट्रेसिंग से यह जानकारी सामने आई थी कि, आरोपियों द्वारा खेलो यार, आरबीसी 139 और वीनबज 7 नामक ऑनलाइन सट्टा पैनलों के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैचों पर सट्टा संचालित किया जा रहा था।

गोवा के बोगमालो से किया गया गिरफ्तार

इस गिरोह का मुख्यालय गोवा के बोगमालो क्षेत्र में था, जहां से लॉगिन आईडी के माध्यम से देशभर में नेटवर्क तैयार कर ऑनलाइन सट्टा खेलवाया जा रहा था। सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अभिषेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा हेमसागर सिदार और एसडीओपी तारेश साहू के मार्गदर्शन में भाटापारा थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने गोवा में छापेमारी कर 15 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। छापे के दौरान आरोपियों को मोबाइल, लैपटॉप, टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से सट्टा संचालित करते हुए पकड़ा गया। जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की कीमत करीब 8.15 लाख आंकी गई है। साथ ही विभिन्न बैंकों के खाते भी बरामद किए गए हैं। जिनकी जांच में करोड़ों रुपये के ट्रांजेक्शन्स का पता चला है।

# सिंधु यूथ एसोसिएशन द्वारा आयोजित निःशुल्क थैलेसीमिया जांच शिविर 11 को सभी समाज के लोग हो सकेंगे शामिल




**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

थैलेसीमिया जैसे गंभीर अनुवांशिक रोग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सिंधु यूथ एसोसिएशन × कृष्णा चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से द्वारा दिनांक 11 मई 2025, रविवार को एक निःशुल्क थैलेसीमिया जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष महेश हरजानी ने बताया यह शिविर समाज के सभी वर्गों के लिए खुला है और इसमें भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

थैलेसीमिया एक ऐसी बीमारी है जो पीढ़ी दर पीढ़ी फैल सकती है, लेकिन समय रहते जांच और जानकारी से इसे रोका जा सकता है। इस शिविर के माध्यम से सभी नागरिक यह जांच करवा सकेंगे कि वे थैलेसीमिया कैरियर हैं या नहीं।

शिविर की मुख्य विशेषताएं:

थैलेसीमिया कैरियर जांच ङ्क पूरी तरह निःशुल्क,अनुभवी चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा परामर्श, सभी आयु वर्ग के नागरिकों का स्वागत, तुरंत जांच और रिपोर्ट की सुविधा, स्थानः सिंधु भवन, देवेंद्र नगर, रायपुर समयः प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक।

# बालीवुड एक्टर हर्मन बावेजा को भाया छत्तीसगढ़, फिल्म सिटी से जुड़ने की जताई गहरी रुचि

◆ **दिलराज सिन्हा और मीडिया कोऑर्डिनेटर सुरभि सिंह की सक्रिय भूमिका रही सराहनीय**







**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

बॉलीवुड अभिनेता और बावेजा स्टूडियोज लिमिटेड के प्रमुख हर्मन बावेजा ने गुरुवार को रायपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की कि वे छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी फिल्म सिटी परियोजना के साथ काम करने को लेकर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। उन्होंने नव रायपुर अटल नगर में प्रस्तावित 100 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही फिल्म सिटी का स्थलीय निरीक्षण किया और कहा कि यह देश की उभरती फिल्म इकॉनॉमी के लिए एक नया केंद्र बन सकता है। छत्तीसगढ़ की फिल्म नीति आर्थिक और सांस्कृतिक दोनों दृष्टियों से बेहद संतुलित है। यह सिर्फ फिल्मों के लिए नहीं, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक पहचान के संवर्धन का भी माध्यम बनेगी। बावेजा ने स्पष्ट किया कि मेरे लिए यह जुड़ाव केवल निवेश का नहीं, बल्कि प्रशिक्षण, रोजगार और नई पीढ़ी के लिए सृजनात्मक अवसर विकसित करने का प्रयास होगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि वे 15 दिनों में दोबारा रायपुर आकर अंतिम निर्णय की घोषणा करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने यह भी बताया कि उनकी तीन फिल्में इस वर्ष रिलीज़ के लिए तैयार हैं और भारत–पाकिस्तान के हालिया हालात पर पूछे गए सवाल पर दो टूक कहाः मैं भारत सरकार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा हूं। परियोजना से जुड़े विस्तृत विवरण साझा करते हुए छत्तीसगढ़ फिल्म सिटी इनिशिएटिव के दिलराज सिन्हा ने कहा, हम पहले भी विभिन्न देशों और फिल्म टूरिज़्म बोर्ड्स के साथ काम कर चुके हैं। हमारा लक्ष्य रायपुर में एक आधुनिक फिल्म सिटी की नींव रखना है, जो अगले दो वर्षों में पूरी तरह से परिचालित हो जाएगी। प्रेस के सवालों का उत्तर देते हुए, ग्रीन टेक सॉल्यूशन्स मुंबई से जुड़े सिन्हा ने आगे कहा, रायपुर एक उभरता हुआ शहर है जिसमें भविष्य की विकास संभावनाएं अत्यंत प्रगतिशील हैं। हमारे लिए इस परिवर्तन का हिस्सा बनना एक सौभाग्य होगा। यह पहल केवल छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक और रचनात्मक क्षेत्रों को राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने तक सीमित नहीं, बल्कि यह रोजगार सृजन, पर्यटन विकास और राज्य में निवेश के नए अवसरों की दिशा में भी एक बड़ा मील का पत्थर साबित हो सकती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ फिल्म सिटी इनिशिएटिव के दिलराज सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, जबकि मीडिया कोऑर्डिनेटर सुरभि सिंह ने प्रेस वार्ता के आयोजन और समन्वय की सराहनीय भूमिका निभाई।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन शुरू

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पुरस्कार 5 से 18 वर्ष से कम आयु (31 जुलाई 2025 तक) के ऐसे बच्चों को दिया जाएगा जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला–संस्कृति और विज्ञान–प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण प्रदर्शन किया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जानकारी दी कि नामांकन https// awards.gov.in पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। पात्र बच्चों के लिए नामांकन की आयु सीमा 5 से 18 वर्ष तय की गई है। कोई भी व्यक्ति या संस्था ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को नामांकित कर सकती है। इच्छुक बच्चे स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं। नामांकन के लिए पंजीकरण के दौरान आवेदकों को अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ईमेल, आधार संख्या सहित अन्य जानकारी देनी होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 श्रेणी का चयन कर आवेदन भरना होगा। आवेदन पत्र में उपलब्धियों का 500 शब्दों का संक्षिप्त विवरण, आवश्यक दस्तावेज (पीडीएफ, अधिकतम 10 फाइलें) और हालिया फोटो (जेपीजी/पीएनजी) अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदन ड्राफ्ट के रूप में सेव कर अंतिम तिथि से पहले संपादित कर जमा किया जा सकता है। अधिक जानकारी व आवेदन हेतु https//awards.gov.in पर विजिट करें। सरकार का उद्देश्य इन पुरस्कारों के माध्यम से देशभर के युवाओं की प्रेरणादायक उपलब्धियों को पहचान देना और बच्चों के समग्र विकास के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना है।

# प्रदेश के एक-दो स्थानो पर पड़ेगी बौछारे

**रायपुर,**प्रतिदिन राजधानी। पश्चिमी विक्षोंभ एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर–दक्षिण द्रोणिका दक्षिण तेलंगाना से मन्नार की खाड़ी तक, 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में आज10 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में 1–2 स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर जारी रहने की संभावना है ।

# इन्द्रावती-जोरानाला समस्या का होगा निराकरण, विभागीय अधिकारीयों को मंत्री केदार कश्यप ने दिए निर्देश

## जोरा नाला भौतिक निरिक्षण करने जायेंगे जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप अधिकारीयों के साथ बैठक सम्पन्न

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

इन्द्रावती जोरानाला संकट के समाधान हेतु हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर के निर्माण हेतु वर्ष 2010 से 2016 तक कुल रू. 49 करोड जल संसाधन विभाग उडीसा को प्रदान कर निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया, जिससे प्रदेश को समझौता के अनुसार 50 प्रतिशत जल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई, किन्तु वर्ष 2021 से 2023 तक छ.ग. राज्य को कंट्रोल स्ट्रक्चर के अप स्ट्रीम एवं डाउन स्ट्रीम में सिल्ट, बोल्डर के जमा होने से मात्र 23 प्रतिशत जल उपलब्ध हो रहा था जिससे बस्तर जिले में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया, जिसके समाधान हेतु जिले के कृषकों एवं रहवासियों द्वारा मांग एवं आंदोलन किया गया, वर्ष 2024 में बस्तर जिले को मात्र 16 प्रतिशत जल उपलब्ध हो रहा था जिससे बस्तर जिले में भीषण जल संकट उत्पन्न हो गया, जिसके निराकरण हेतु छत्तीसगढ़



राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी के द्वारा उड़ीसा राज्य के मुख्यमंत्री जी से आवश्यक चर्चा कर समस्या के समाधान हेतु तत्काल कार्यवाही किये जाने के आग्रह पर इन्द्रावती–जोरानाला मुहाने पर निर्मित हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर के अप स्ट्रीम एवं डाउन स्ट्रीम में जमा रेत (सिल्ट), लूज बोल्डर, रेत बोरी एवं अन्य अवरोधों के बीच अस्थायी रूप से रास्ता बनाकर तत्कालिक समाधान से छत्तीसगढ़ राज्य को 16 प्रतिशत से बढ़कर 49 प्रतिशत जल प्रवाह सुनिशर्ि्चत हुआ। समझौते के अनुसार जल बटवारा को सुनिश्चित करने हेतु इन्द्रावती–जोरानाला संगम पर निर्मित हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर के अप स्ट्रीम एवं डाउन स्ट्रीम में जमा रेत (सिल्ट), लूज बोल्डर, रेत बोरी एवं अन्य अवरोधों को स्थायी रूप से नदी के बाहर हटाने हेतु दिनांक 09.05.2025 को सुशासन तिहार अंतर्गत बस्तर प्रवास के दौरान मंत्री जल संसाधन केदार कश्यप जी द्वारा विभागीय सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो एवं प्रमुख अभियंता जल संसाधन इन्द्रजीत उईके को आवश्यक निर्देश दिये गए।

**जल्द होगा इंद्रावती जोरानाला समस्या का निराकरण, बस्तर वासियों मिलेगा लाभ**

बैठक पश्चात बयान जारी करते हुए जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार इंद्रावती जोरानाला समस्या के निराकरण करने पूर्ण तत्परता से प्रयासरत है। उड़ीसा राज्य के मुख्यमंत्री एवं जल संसाधन मंत्री से चर्चा की जा चुकी है। इसके साथ ही हम अपने विभागीय अधिकारीयों के साथ प्रदेशवासियों के हित में योजना पूर्वक कार्य को पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारीयों के साथ जोरा नाला सहित अन्य जगहों का भी भौतिक निरिक्षण अवलोकन करेंगे।

# आतंकवादियों एवं उनके समर्थक पारितंत्र पर, ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार और सैन्यबलो का अभिनदंन

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के पश्चात पाक प्रायोजित आतंकवादियों एवं उनके समर्थक पारितंत्र पर की जा रही निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन। हिंदू यात्रियों के नृशंस हत्याकांड में आहत परिवारों को एवं समस्त देश को न्याय दिलाने हेतु हो रही इस कार्रवाई ने समूचे देश के स्वाभिमान एवं हिम्मत को बढ़ाया है। हमारा यह भी मानना है कि पाकिस्तान में आतंकियों, उनका ढॉचा एवं सहयोगी तंत्र पर की जा रही सैनिक कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक एवं अपरिहार्य कदम है। राष्ट्रीय संकट की इस घड़ी में संपूर्ण देश तन–मन–धन से देश की सरकार एवं सैन्य बलों के साथ खड़ा है। पाकिस्तानी सेना द्वारा भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों एवं नागरिक बस्ती क्षेत्र पर किए जा रहे हमलों की हम निंदा करते हैं और जो इन हमलों का शिकार हुए, उनके परिवारों के



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा जारी किया गया वक्तव्य

9 मई, 2025

पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के पश्चात पाक प्रायोजित आतंकवादियों एवं उनके समर्थक पारितंत्र पर की जा रही निर्णायक कार्रवाई "ऑपरेशन सिंदूर" के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन। हिंदू यात्रियों के नृशंस हत्याकांड में आहत परिवारों को एवं समस्त देश को न्याय दिलाने हेतु हो रही इस कार्रवाई ने समूचे देश के स्वाभिमान एवं हिम्मत को बढ़ाया है।

हमारा यह भी मानना है कि पाकिस्तान में आतंकियों, उनका ढाँचा एवं सहयोगी तंत्र पर की जा रही सैनिक कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक एवं अपरिहार्य कदम है। राष्ट्रीय संकट की इस घड़ी में संपूर्ण देश तन-मन-धन से देश की सरकार एवं सैन्य बलों के साथ खड़ा है।

पाकिस्तानी सेना द्वारा भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों एवं नागरिक बस्ती क्षेत्र पर किए जा रहे हमलों की हम निंदा करते हैं और जो इन हमलों का शिकार हुए, उनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस चुनौतीपूर्ण अवसर पर समस्त देशवासियों से आह्वान करता है कि शासन

प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस चुनौतीपूर्ण अवसर पर समस्त देशवासियों से आह्वान करता है कि शासन एवं प्रशासन द्वारा दी जा रही सभी सूचनाओं का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करे। इसके साथ–साथ इस अवसर पर हम सबको अपने नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए यह भी सावधानी रखनी है कि राष्ट्र विरोधी शक्तियों के सामाजिक एकता एवं समरसता को भंग करने के किसी भी षड्यंत्र को सफ्ल न होने दें। समस्त देशवासियों से अनुरोध है कि अपनी देशभक्ति का परिचय देते हुए सेना एवं नागरी प्रशासन के लिए जहाँ भी, जैसी भी आवश्यकता हो, हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर रहे और राष्ट्रीय एकता तथा सुरक्षा को बनाए रखने के सभी प्रयासों को बल प्रदान करे।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444